ज्ञानामृत

स्वयं पर मूक विजय से ही वास्तविक महानता का उदय होता है।

▶▶ अज्ञात

राष्ट्र को समर्पित


# विजय मत

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | शहडोल, सोमवार 12 मई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 135 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-


## न्यूज इन शॉर्ट

### ऑपरेशन सिंदूर भारत की राजनीतिक, सामाजिक व सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक: राजनाथ सिंह



**लखनऊ, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है।सिंह ने रविवार को यहां ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर अपने वर्चुअल संबोधन में इस ऑपरेशन को भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और सशस्त्र बलों की क्षमता तथा दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की धरती पर भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों के हाथों अपने प्रियजनों को खोने वाले निर्दोष परिवारों के लिए न्याय सुनिश्चित किया। रक्षा मंत्री ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी।

### सिन्हा ने कुमार थापा के परिजनों से भेंट करके संवेदना जतायी



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त डॉ. राज कुमार थापा के परिवार से मुलाकात की। उपराज्यपाल ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम करने वाले प्रतिष्ठित लोक सेवक को श्रद्धांजलि दी। सिन्हा ने कहा, "जम्मू-कश्मीर के विकास की प्रि या में डॉ. थापा का योगदान बहुत बड़ा है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार, दोस्तों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। मैं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।"डॉ. थापा शनिवार तड़के पाकिस्तानी गोलाबारी में शहीद हो गए।

### भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती



**कोलंबो, एजेंसी।** स्मृति मंधाना (116) की शतकीय, हरलीन देओल (47), जेमिमाह रॉड्रिग्स (44) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (41) की शानदार पारियों के बाद चार विकेट और अमनजोत कौर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल में मुकाबले में श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला अपने नाम कर ली। 343 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की बेहद शुरुआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट हसिनी परेरा (शून्य) के रूप में गवां दिया। परेरा को अमनजोत कौर ने बोल्ड आउट किया।

### अमेरिका की तारीफ करते नहीं थक रहे शरीफ, 'बड़बोले' ट्रंप को दिन-रात शुक्रिया बोल रहे हैं शहबाज



इस्लामाबाद, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। बड़बोले ट्रंप की ओर से किए जा रहे ट्वीट पर पाकिस्तान तारीफ करते नहीं थक रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय एक्स पर पोस्ट पर अमेरिका का आभार जता रहे हैं। बता दें कि ट्रंप ने रविवार सुबह कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के साथ मिलकर कश्मीर के मुद्दे का हजार साल बाद हल निकालने की कोशिश करेंगे। जिसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाद शरीफ ट्रंप की तारीफों के पुल बांधने में जुटे हुए हैं। शहबाज शरीफ ने एक्स पर लिखा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप के अग्रणी नेतृत्व और वैश्विक शांति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा दक्षिण एशिया में स्थायी शांति लाने में बड़ी भूमिका निभाने के उनके सबसे मूल्यवान प्रस्ताव के लिए उनका बहुत आभारी हूं।

## पीएम मोदी की अमेरिका को दो टूक, बोले- किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

# ऑपरेशन सिन्दूर अभी खत्म नहीं हुआ, अब पाकिस्तान को घुसकर मारेंगे : मोदी

### भारत-पाक के एनएसए के बीच बातचीत नहीं हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे तनाव के बाद शनिवार को सीजफायर पर सहमति बनी। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने ही दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कराई है। लेकिन भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया था। भारत ने साफ कर दिया था कि पाकिस्तान ने फोन कर भारत से सीजफायर की गुजारिश की थी। अब ऐक समाचार एजेंसी ने न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट से हवाले से दावा किया है कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी उपराष्टपति जेडी वेंस के बीच बातचीत हुई थी, जिसमें पीएम ने वेंस को दो टूक शब्दों में भारत का स्टैंड समझा दिया था।



### अब पहले की तरह नहीं होगी बात

पीएम मोदी ने जेडी वेंस से कहा कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है, तो इस बार जवाब और भी विनाशकारी और सख्त होगा। पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। अगर वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा। सूत्रों के हवाले से ये भी दावा किया गया है कि दोनों देशों के एनएसए और विदेश मंत्रियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। केवल पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से बात की थी। दुनिया को ये भी संदेश दिया गया कि इस बार पहले की तरह बातचीत नहीं होगी, पाकिस्तान यह भी अच्छे से समझ ले।

### जनरल द्विवेदी ने सैन्य कमांडरों के साथ स्थिति की समीक्षा की, जवाबी कार्रवाई का आदेश दिया



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा शनिवार रात को संघर्ष विराम और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के मद्देनजर पश्चिमी सीमाओं के सेना कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना ने रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए शनिवार को बनी सहमति के किसी भी उल्लंघन पर क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई के लिए सेना कमांडरों को पूर्ण अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने सैन्य कमांडरों कमांडो को पाकिस्तान की किसी भी दुस्साहस मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भी कहा है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सेना ने कल शाम दोनों देशों की सेनाओं के बीच बनी सहमति के बावजूद जम्मू कश्मीर, गुजरात और अन्य क्षेत्रों में भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की।

### यूएन में 'नापाक' का चेहरा करेंगे बेनकाब

इधर, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक कार्रवाई का रुख अपना लिया है। पहले संघर्ष के मैदान में हर तरीके से पछाड़ने के बाद अब भारत पाकिस्तान को वैश्विक स्तर पर उसका आतंकवाद के समर्थक वाला चेहरा बेनकाब करेगा। जानकारी के मुताबिक, भारत आतंकवाद में पाकिस्तान की संलिप्तता के नवीनतम सबूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक टीम भेजेगा। जानकारी के मुताबिक, अगले सप्ताह यूएनएससीआर 1267 प्रतिबंध समिति की बैठक होगी। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था।

### कश्मीर नहीं, सिर्फ पीओके की वापसी पर होगी बात

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर पर मध्यस्थता की इच्छा जताई है, लेकिन भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि कश्मीर पर किसी तीसरे देश की मध्यस्थता मंजूर नहीं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, भारत ने पूरी दुनिया को बता दिया है कि कश्मीर का मसला सिर्फ इसी आधार पर अटका हुआ है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी होनी चाहिए।



यह मसला द्विपक्षीय है। हम पाकिस्तान से सिर्फ पीओके की वापसी पर बात करेंगे। किसी तीसरे देश का हस्तक्षेप हमें नामंजूर है। सरकारी सूत्रों के हवाले से विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि भारत कश्मीर पर किसी तीसरे देश की कोई मध्यस्थता नहीं चाहता। विदेश मंत्रालय के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, भारत की कश्मीर पर नीति बेहद साफ है। कश्मीर पर अब कोई विवाद नहीं बचा है। केवल एक ही मुद्दा शेष है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी। हम पाकिस्तान से सिर्फ इसी विषय पर बात करेंगे। हाल ही में अमेरिकी पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा कि वे कश्मीर मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करना चाहेंगे। हालांकि, भारतीय सरकार ने तुरंत स्पष्ट कर दिया कि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं हो सकती।

### पीएम मोदी का आर्मी को साफ संदेश

## वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा...

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सख्त कार्रवाई की, जिसमें 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया। पाकिस्तान के दर्जनों एयरबेस ध्वस्त कर दिए गए। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्मी को साफ संदेश दिया है कि अगर पाकिस्तान से कोई और गोली चलेगी, तो भारत गोला दागेगा। शीर्ष सरकारी सूत्रों के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और यदि पाकिस्तान ने कोई और हमला किया, तो भारत जवाबी कार्रवाई करेगा। शीर्ष सरकारी सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा। यह संदेश पाकिस्तान को साफ करता है कि कोई भी आक्रामकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यदि पाकिस्तान ने कोई और हमला किया, तो भारत जवाबी कार्रवाई करेगा। अगर वे फायर करेंगे, हम फायर करेंगे, और अगर वे अटैक करेंगे, हम अटैक करेंगे।

### जेडी वैंस से साफ कहा था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 मई को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी बैंस ने कहा था कि पाकिस्तान ने कार्रवाई की तो विध्वंसक नतीजा होगा। इसके बाद पाकिस्तान ने ड्रोन हमले किए। जिसके जवाब में 9/10 की सुबह को पाकिस्तान में भारतीय सेना ने वही किया।

### भारतीय सेना की तैयारी

इसके साथ ही, भारतीय सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (ष्टह्रस्) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और सेना कमांडरों को किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई की पूरी छूट दे दी है। सूत्रों के मुताबिक-जनरल द्विवेदी ने कहा कि समझौते के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ काइनेटिक डोमेन में जवाबी कार्रवाई के लिए आर्मी कमांडरों को पूरी छूट है। यह फैसला पाकिस्तान की किसी भी आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए है।


### राहुल गांधी की पीएम मोदी से मांग, युद्ध विराम पर चर्चा के लिए बुलाएं विशेष संसद सत्र



भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की कमर तोड़ दी है। चार दिनों तक चले सैन्य ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। देश के हर नागरिक ने सरकार के इस सैन्य ऑपरेशन को सराहा। विपक्ष ने भी मोदी सरकार का पूरा समर्थन किया। अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम घोषणा पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है, ताकि देश की जनता को पता चल सके कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान की कितनी गहरी चोट दी है।

## पुतिन के प्रस्ताव पर जेलेंस्की बोले पहले युद्ध विराम, फिर शांति वार्ता...

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस और यूक्रेन युद्ध को लंबा वक्त बीच चुका है, लेकिन अभी भी यह युद्ध जारी है। हालांकि अब करीब तीन साल बाद यह युद्ध समाप्त करने की दिशा में रूस ने एक कदम बढ़ाया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ 15 मई को सीधी वार्ता का प्रस्ताव रखा है। इसे लेकर के यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने खुशी जताई है और इसे सकारात्मक संकेत बताया है। हालांकि जेलेंस्की ने कहा कि शांति वार्ता शुरू होने से पहले युद्ध विराम होना चाहिए। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बयान को लेकर जेलेंस्की ने कहा, सकारात्मक संकेत है कि रूस ने आखिरकार युद्ध को समाप्त करने पर विचार करना शुरू कर दिया है। दुनिया लंबे समय से इसका इंतजार कर रही थी और किसी भी युद्ध को वास्तव में समाप्त करने का सबसे पहला कदम सीजफायर है। साथ ही कहा, एक दिन भी हत्या जारी रखने का कोई मतलब नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि रूस कल यानी 12 मई से पूर्ण, स्थायी और विश्वसनीय युद्ध विराम की पुष्टि करेगा और यूक्रेन इसके लिए तैयार है।

### आईपीएल 2025 के शेष मैचों का कार्यक्रम आज हो सकता है जारी, कोलकाता में नहीं खेला जाएगा फाइनल?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा होने के बाद आईपीएल 2025 के शेष मैचों का कार्यक्रम सोमवार को जारी किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि आईपीएल 2025 का शेष सत्र 16 या 17 मई से शुरू हो सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इसका फाइनल मुकाबला कोलकाता के अलावा किसी अन्य शहर में कराया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था। आईपीएल संचालन परिषद के सदस्यों और बीसीसीआई के अधिकारियों ने आईपीएल को दोबारा शुरू करने पर रविवार को चर्चा की।

## भोपाल समेत कई जिलों में जोरदार आंधी-बारिश

**विजय मत, भोपाल**



खरगोन

मध्यप्रदेश में रविवार को दोपहर बाद फिर मौसम बदला। इस दौरान भोपाल समेत कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। मंदसौर, शहडोल, खरगोन और अशोकनगर में दोपहर 1 बजे के बाद तेज हवाओं के साथ पानी गिरा। अशोकनगर में ओले गिरे। आंधी के कारण खरगोन में कई स्थानों पर टीन शेड उड़ गए, जबकि कुछ जगह पेड़ उखड़े हैं। सीजन में ये अबतक की सबसे तेज आंधी थी। रविवार शाम 4 बजे से जिले भर में एक बार फिर से तेज आंधी चली, बारिश हुई और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। लगभग एक घंटे तक ये दौर चला। आंधी के कारण कई स्थानों पर टीन शेड उड़ गए, जबकि कुछ जगह पेड़ उखड़े हैं।

## नाइट्रोजन पॉट में गिरने से बच्ची की मौत, राजगढ़ में शादी में हादसा

### 80प्रतिशत झुलस चुकी थी 7 साल की वाहिनी, आंखें दान की

**विजय मत, ब्यूरो राजगढ़ (भोपाल)**



राजगढ़ की 7 साल की बच्ची वाहिनी की शनिवार रात को इंदौर के अरबिंदो अस्पताल में मौत हो गई। इसके बाद परिजन ने बच्ची की आंखें दान कर दीं, ताकि किसी और की जिंदगी रोशन हो सके। दरअसल, 6 मई को वह परिजन के साथ खुजनेर एक शादी समारोह में गई थी। यहां खेलते-खेलते नाइट्रोजन से भरे पॉट में गिर गई थी। गंभीर रूप से झुलसने के कारण उसे अरबिंदो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। पिछले 5 दिन से उसका इलाज चल रहा था। जानकारी के अनुसार, बाढ़गांव निवासी राजेश गुप्ता 6 मई को अपने परिवार के साथ रिश्तेदार की शादी में शामिल होने खुजनेर गए थे। उनकी सात साल की बच्ची वाहिनी भी उनके साथ थी। शादी की रस्में चल रहीं थी। दूल्हा-दुल्हन की एंट्री के दौरान स्मोकी वीडियो बनाने के लिए नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल किया गया।

**विजय मत एंकर** मुख्यमंत्री बोले, इंदौर में महापौर मेगा रोजगार मेला को मिला बेहतर प्रतिसाद, 150 से अधिक कंपनियों ने दिए रोजगार के अवसर

## युवाओं को रोजगार देकर स्वावलम्बी प्रदेश बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**विजय मत, भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे राज्य का युवा सक्षम, योग्य और आत्म-निर्भर बने यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि रोजगार और स्वरोजगार देकर स्वावलम्बी समाज और स्वावलम्बी प्रदेश बनाया जाये। इस दिशा में हम तेजी से लगातार आगे बढ़ रहे है। प्रदेश में हर क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिये तेजी से प्रयास किये जा रहे है, चाहे वह परम्परागत दुग्ध पालन का क्षेत्र हो या आधुनिक आईटी का क्षेत्र। प्रदेश में रोजगार आधारित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिये इंड्रस्टी कॉन्क्लेव व्यापक स्तर पर आयोजित की गई। इसके बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रविवार को दशहरा मैदान, इंदौर में आयोजित महापौर मेगा रोजगार मेला के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को अवसर, मंच और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रोजगार मेले को मिले बेहतर प्रतिसाद की सराहना की और कहा कि ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से सरकार और प्रशासन युवाओं को अवसर, मंच और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। उन्होंने युवाओं को रोजगार देने की दिशा में इंदौर जिले में हर एक पंचायत में स्थापित किये गये उद्योग लगाने के अभियान की भी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले में अभियान चलाकर सभी पंचायतों में उद्योग स्थापित कराने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से कहा कि आज का युग कौशल का है। डिग्री के साथ व्यवहारिक ज्ञान और संवाद कौशल भी ज़रूरी हैं।

### देश अब पहले जैसा नहीं रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत-पाकिस्तान संबंधों और सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर कहा कि देश अब पहले जैसा नहीं रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी शक्ति, रणनीति और तकनीकी क्षमता से यह सिद्ध कर दिया है कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर करारा जवाब देना भी जानते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने एक नई दिशा प्राप्त की है। आज भारत किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन अगर कोई भारत को छेड़ने की गलती करता है, तो उसे हम कभी छोड़ते नहीं हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट



### रात्रि में घर की सीढ़ियों से गिर कर घायल हुए बुजुर्ग को डायल हन्ड्रेड ने अस्पताल पहुँचाया

शहडोल। थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत विचारपुर निवासी कॉलर सीढ़ियों से गिर कर घायल हो गये हैं, आपात पुलिस सहायता की आवश्यकता है। उक्त सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल.100 भोपाल में दिनाँक 10.05.2025 को रात्रि में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल सोहागपुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल.100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया, डायल.100 में पदस्थ आरक्षक राजेंद्र शुक्ला एवं पायलेट जय भान सिंह ने मौके पर पहुँचकर बताया नामदेव सिंह, उम्र 54 साल, निवासी विचारपुर, अपने घर में सीढ़ियों से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये थे। कॉलर नामदेव सिंह को डायल.100 एफ़आर.व्ही.द्वारा अल्पतम समय में अस्पताल पहुँचाया गया जिससे समय पर उपचार मिल सका।पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा डायल-100 टीम द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता, तत्परता एवं समर्पण प्रशंसनीय है। ऐसे कार्य समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि को और सशक्त करते हैं।

### सोहागपुर पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/ जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/ चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत 10 मई को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सोहागपुर गढ़ी के पास में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा सूचना स्थान में घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी सुधीर उर्फ गुड्डा पिता भैय्यालाल गुप्ता, उम्र 44 वर्ष, एवं आरोपी कल्लू उर्फ लवकेश दोनो निवासी सोहागपुर गढ़ी, थाना सोहागपुर, शहडोल के पास के कब्जे से सट्टा खिलाने से प्राप्त नगदी 1,730 रुपये, एक अदद् सट्टा पर्ची, पेन एवं दो नग मोबाइल फोन आरोपियों से जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्व सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोहागपुर के नेतृत्व में प्र.आर.संतोष सिंह परिहार की सराहनीय भूमिका रही।

### ग्राम कछरवार, खेरवाकला, मझगवां, में किसानों को नरवाई नही जलाने के लिए किया गया प्रेरित



उमरिया। कृषि अभियांत्रिकीय विभाग व्दारा किसानों को नरवाई नही जलाने की जानकारी दी जा रही है। सहायक कृषि यंत्री मेघा पाटिल ने बताया कि गत दिवस ग्राम ग्राम कछरवार, खेरवाकला, मझगवां, में रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान, नरवाई के प्रबंधन एवं उपाय नरवाई प्रबंधन में सहायक भूसा मशीन, बेलर, हार्वेस्टर मैनेजमेंट सिस्टम, रीपर कम्बाइंडर, सीपर सीडर, मल्चर आधुनिक कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन उपाय बनाने, खेत और पर्यावरण को नुकसान से बचाने, नरवाई प्रबंधन के लाभ आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा, जन स्वा0 एवं जीव जंतुओ की जीवन सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूजनल के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत शासन ने धान एवं गेहू तथा अन्यव फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किए जाने पर संबंधित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप मे जुर्माना लिया जाएगा। नोटिफिकेशन के प्रावधान अनुसार जुर्माना राशि निर्धारित की गई है।

### जिले के नागरिको की सुरक्षा के संबंध मे कलेक्टर सभागार में बैठक संपन्न



उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में वर्तमान में अप्रत्याषित परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि अफवाहों से दूर रहे। सोषल मीडिया पर प्लेटफार्म फेसबुक, वाट्सअप, ट्विटर आदि पर ऐसी कोई भी भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं, पोस्ट, वीडियो, रील्स को अपलोड एवं फारवर्ड नही करें। यदि जांच के दौरान ऐसा करना पाया जाता है तो उसके विरूध्द भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य सुसंगत अधिनियम के तहत कार्यवाही सुनिष्चित की जाएगी। उन्होने कहा कि जनता में भय का वातावरण पैदा नहीं हो, उन्हें यह संदेष दिया जाए कि हम हर परिस्थितियों से निपटनें के लिए तैयार है।

सपनों का गढ़ या दुर्दशा का केंद्र- पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय का पुराना कैंपस बना छात्र पीड़ा का केंद्र

# शुद्ध जल, पंखा, बिजली और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जूझ रहे छात्र-छात्राएं

**विजय मत, शहडोल**

पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय का पुराना कैंपस इन दिनों भीषण समस्याओं का घर बनता जा रहा है। समाजशास्त्र और भूगोल विभाग के छात्र-छात्राएं इस भीषण गर्मी में शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रहे हैं। यहां वर्ष 2011 में स्थापित शीतल पेयजल गृह और आरो प्लांट अब वर्षों से बंद पड़े हैं। छात्रों को यह सुविधा कभी भी सही रूप से नसीब नहीं हुई। लोकार्पण के कुछ ही समय बाद यह प्लांट खराब हो गया और फिर उसे एक स्टोर रूम में बंद कर दिया गया, जहां आज तक धूल फांक रहा है।




#### पंखा नहीं, बिजली नहीं, गर्मी में झुलसते छात्र

पुराने कैंपस की दुर्दशा यहीं खत्म नहीं होती। समाजशास्त्र विभाग का पंखा दो वर्षों से बंद पड़ा है। इस विभाग में अध्ययनरत छात्र गर्मी में बैठकर पसीने से लथपथ होते हुए कक्षाएं लेने को मजबूर हैं। विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई है। क्लासरूम में न तो उचित रोशनी है और न ही वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते कक्षा का वातावरण किसी तपती भट्टी से कम नहीं लगता।

#### प्रशासन की अनदेखी, छात्रों की गुहार बेअसर

इन समस्याओं को लेकर छात्रों और प्राध्यापकों द्वारा कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया गया, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। समाजशास्त्र एवं ज्योग्राफी विभाग के प्रोफेसरों ने बताया कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। यह दर्शाता है कि जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं और विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

#### सुविधा घर की कमी से महिला-पुरुष दोनों वर्ग परेशान

कैंपस में शौचालय की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है। महिला विद्यार्थियों के लिए तो एक पुराना सुविधा घर मौजूद है, परंतु वह भी जर्जर स्थिति में है। वहीं पुरुष विद्यार्थियों के लिए कोई भी सुविधा घर उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस मूलभूत सुविधा के अभाव में विद्यार्थियों की गरिमा और स्वाभिमान को ठेस पहुंच रही है।

#### सपनों का गढ़ या दुर्दशा का केंद्र

जहां एक ओर शासन और विश्वविद्यालय प्रशासन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करता है, वहीं दूसरी ओर कैंपस की दुर्दशा छात्रों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। शिक्षण संस्थानों को देश का भविष्य कहा जाता है, लेकिन पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय का यह पुराना परिसर अंधकारमय हालातों का जीवंत उदाहरण बन गया है।

#### शिक्षा की गुणवत्ता का दावा करना केवल दिखावा

ऐसे हालात में यह सोचना कठिन नहीं कि छात्र यहां किस मानसिकता में अध्ययन कर रहे होंगे। बिना पेयजल, पंखा और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के, शिक्षा की गुणवत्ता का दावा करना केवल दिखावा प्रतीत होता है। गर्मी, अस्वस्थ वातावरण और प्रशासन की बेरुखी के कारण विद्यार्थी मानसिक, शारीरिक और शैक्षणिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं।

## नशीली सिरप की तस्करी करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**विजय मत, शहडोल**

थाना कोतवाली द्वारा दिनांक 26.12.24 को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि पंकज प्रजापति नाम का व्यक्ति के बैग में कफी मात्रा में अवैध नशीली सिरप विक्रय करने के लिए केन्द्रीय विद्यालय के पीछे जंगल तरफ खड़ा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा बताए हुए स्थान पर घेराबंदी कर पकड़कर पूछतांछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम पंकज प्रजापति बताया एवं तलाशी लेने पर उसके बैंग में 20 नग अवैध नशीली कफसिरप होना पाया गया। उक्त कार्यवाही पर थाना कोतवाली द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया थाए प्रकरण में आरोपी संतोष



उर्फ लखन लाल प्रजापति, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम कुंआ, थाना पपौंध, जिला शहडोल घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था।

उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव द्वारा 10,000 रु. के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त आरोपी की पता-तलाश एवं गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। जिस पर आरोपी संतोष उर्फलखन लाल प्रजापति, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम कुंआ, थाना पपौंध, जिला शहडोल को 10 मई को कोतवाली पुलिस द्वारा ब्यौहारी, शहडोल से गिरफ्तार किया गया एवं आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

उकत कार्यवाही में थाना प्राभारी कोतवाली निरी. राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में उनि. सुरेश रैदास, सउनि. कामता पयासी, प्र.आर. गिरीश मिश्रा एवं आर. आलोक मिंज की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध शराब जप्त

शहडोल जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

अभियान के अंतर्गत 10 मई को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 09 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 15 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त की गई, जिसकी कुल कीमत 5,500 रु. है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

## खुशबू सोनी को 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले में तृतीय स्थान

**विजय मत, उमरिया**



मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में उमरिया जिले की छात्रा कु. खुशबू सोनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में तृतीय स्थान और उमरिया शहर में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। खुशबू सोनी, पिता श्री कृष्ण कुमार सोनी एवं माता श्रीमती मालती सोनी की सुपुत्री हैं, जो खलेशर वार्ड नंबर 10 उमरिया नगर की निवासी हैं। खुशबू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में अपनी प्रतिभा का डंका बजाया है। उल्लेखनीय है कि खुशबू ने अपनी शिक्षा की शुरुआत नर्सरी से की और कक्षा 10वीं तक की समस्त शिक्षा हंस वाहिनी स्कूल, उमरिया से प्राप्त की। पढ़ाई के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन और निरंतर मेहनत ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है।खुशबू की इस अद्वितीय उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों ने उनके निवास पर पहुँचकर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनुषधारी सिंह ने कहा कि खुशबू सोनी ने उमरिया की धरती को गौरवान्वित किया है।

### जन अभियान परिषद् द्वारा मानपुर में एकात्म पर्व का किया गया आयोजन




उमरिया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी द्वारा संपूर्ण आर्यावर्त में सनातन धर्म के प्रणेता एवं धर्म ध्वजा के वाहक आदि शंकराचार्य स्वामी जी की जन्म जयंती पखवाड़े के आयोजन के क्रम में जन अभियान परिषद जिला उमरिया के मानपुर विकासखण्ड द्वारा एकात्म पर्व का आयोजन मानपुर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर सतेंद्र कुमार गिरि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मुकेश तिवारी, की उपस्थिति में किया गया।मुख्य अथिति एवं वक्ताओं द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया उनके द्वारा किए गए कार्यों को जीवंत किया गया आज के समय में आदि गुरु शंकराचार्य जी के बताए रास्ते पर चलने का समय है। उनके द्वारा बताए गए, ब्रह्म सत्यं जगतमिथ्या,अहं ब्रम्हास्मि, ज्ञान ही मोक्ष का मार्ग,मन ही बन्धन और मुक्ति का कारण, अपने कर्तव्यों का पालन ही धर्म,शरीर नश्वर एवं आत्मा अमर है, वैराग्य ही सच्चे ज्ञान की पहली सीढ़ी, ईश्वर को अपने अंदर ही खोजने, आत्मा को जान लेना ही सब कुछ जान लेना तथा मौन को एक प्रकार की पूजा जैसी बातों को चरितार्थ कर भारतीय दर्शन के महान दार्शनिक एवं सनातन धर्म के प्रमुख वेत्ता स्वामी शंकराचार्य जी के बताए हुए मार्ग को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ल,विकास खंड समन्वयक विकासखण्ड समन्वयक महेन्द्र सिंह तराम एवं उनके सहयोगियों द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद जिला उमरिया के जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला, शिववचन कुशवाहा ब्लॉक समन्वयक एसबीएम, महेन्द्र सिंह तराम विकासखण्ड समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, समस्त परामर्शदाता, समस्त नवांकुर संस्था उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 22 लाख से अधिक के एवार्ड पारित

**विजय मत, उमरिया**

न्याय सबके लिये की अवधारणा को साकार रूप प्रदान करने के उद्देश्य से 10 मई 2025 को इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विवेक कुमार गुप्ता के निर्देशन में किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 11 खण्डपीठों का गठन किया गया था। जिसमें से 8 जिला न्यायालय उमरिया में, 2 खण्डपीठ तहसील न्यायालय बीरसिंहपुर पाली एवं 1 खण्डपीठ तहसील न्यायालय मानपुर में गठित की गई। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर पुष्पराज सिंह, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ उमरिया, अरूण प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, श्रीमती नजमा बेगम, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अहमद रजा, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, रामसहारे राज, विशेष



न्यायाधीश/तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीष, दीपक कुमार अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट उमरिया, श्रीमती वीणा खलखो, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, आशीष धुर्वे, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सरफराज खान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीष कनिष्ठ खण्ड उमरिया, श्रीमती पल्लवी सिंह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीष कनिष्ठ खण्ड, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीष कनिष्ठ खण्ड, बी0डी0 दीक्षित, जिला विधिक सहायता अधिकारी उमरिया, जिविसेप्रा के कर्मचारीगण, जिला न्यायालय के कर्मचारीगण, पैनल अधिवक्ता/ सुलहकर्ता अधिवक्ता, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के अधिवक्तागण एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। संपूर्ण दिवस नेशनल लोक अदालत के आयोजन के पश्चाचात जिला न्यायालय उमरिया के अंतर्गत मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में से कुल 10 प्रकरण लोक अदालत में रेफर किये गये थे, जिसमे से 5 प्रकरणों में कुल मिलाकर 572000 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। धारा 138 एन0आई0ए0 के अंतर्गत 19 रैफर प्रकरणों में 7 प्रकरण निराकृत हुये तथा 2290000 रूपये की राशि के एवार्ड पारित किये गये। न्यायालय में लंबित आपराधिक समनीय मामलों में 173 प्रकरण रखे गये जिसमें से 134 का निराकरण हुये तथा 115835 रूपये की राषि का एवार्ड पारित किया गया। वैवाहिक प्रकरणों के निराकरण हेतु - 06- प्रकरण रखे गये जिसमें से 3 प्रकरण राजीनामा के आधार पर निराकृत हुये और 6 लोग लाभांवित हुये। अन्य प्रकरणों में 36 प्रकरण रखे गये, जिसमें 18 प्रकरण रखे गये, जिसमें से 157257 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। सिविल प्रकरणों में 5 प्रकरण रखे गये, जिसमें से 1 प्रकरण निराकृत किया गया, इस प्रकार कुल मिलाकर न्यायालय में लंबित प्रकरणों में 259 प्रकरण रखे गये जिसमें से 171- प्रकरण निराकृत हुये तथा 3194421 रूपये का एवार्ड राशि पारित हुई।

**आरोप** राष्ट्रीय राजमार्ग लोनिवि के अंतर्गत 13 करोड़ की लागत से किया जा रहा

## डामरीकरण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही उजागर

**विजय मत, उमरिया**

जिले के पाली टाउन से नौरोजाबाद फाटक तक बनाए जा रहे लगभग 8 किलोमीटर लंबे डामरीकरण कार्य को लेकर ठेकेदार पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। यह कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत लगभग 13 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस नेता रवि मिश्रा ने इस कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

रवि मिश्रा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि इस रोड को लेकर वर्षों से स्थानीय जनता द्वारा मांग की जा रही थी। विरोध प्रदर्शन और जनआंदोलनों के बाद जाकर यह योजना स्वीकृत हुई। परंतु निर्माण कार्य की शुरुआत से ही ठेकेदार की लापरवाही और भ्रष्टाचार सामने आने लगे हैं।




उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा न तो रोड की थिकनेस का पालन किया जा रहा है और न ही पुरानी सड़क को पूरी तरह से उखाड़ कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिस पर करोड़ों रुपये का खर्च दिखाया जा रहा है, वह सड़क केवल दिखावे के लिए बनाई जा रही है। यदि यह कार्य इसी प्रकार जारी रहा तो कुछ ही महीनों में सड़क पुनः गड्ढों में तब्दील हो जाएगी।

मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी संदेहास्पद है। मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रोड बेस में प्रयुक्त की जा रही सामग्री मानकों के अनुरूप नहीं है। डामर की परत भी निर्धारित मोटाई से काफी कम है, जिससे सड़क की टिकाऊ क्षमता पर सवाल उठते हैं। इस तरह की अनदेखी न केवल सरकारी धन की बर्बादी है बल्कि जनता की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ठेकेदार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। आमजन को झूठे विकास के नाम पर ठगा नहीं जा सकता। उन्होंने विभाग से भी मांग की कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**कार्यालय कलेक्टर जिला उमरिया (म.प्र.)**

क्रमांक / 1916 /ले.सा./निविदा/2025 उमरिया, दिनांक 09/05/2025

**द्वितीय निविदा-विज्ञप्ति**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये जिला कार्यालय एवं अधिनस्थ कार्यालयों में उपयोग हेतु स्टेशनरी/लेखन सामग्री क्रय करने के लिये विधिवत पंजीकृत फर्मों से सील बंद निविदाएं द्वि लिफाफा पद्धति में अग्रदर्शित नियम/शर्तों के अंतर्गत आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 22/05/2025 के अपरान्ह 3.00 बजे तक सीलबंद निविदाएं निविदा पेटी में जमा कर सकते हैं। प्राप्त शीलबंद निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे गठित क्रय समिति द्वारा उपस्थित निविदा-दाताओं के समक्ष खोली जावेगी। क्रय की जाने वाली सामग्री की सूची व शर्तें इस कार्यालय (स्टेशनरी शाखा) में अथवा कार्यालय की बेवसाईट **www.umaria.nic.in** में देखी जा सकती हैं। निविदा के साथ कलेक्टर के पक्ष में रूपये 30,000.00 (रूपये तीस हजार मात्र) का डी0डी0 पृथक लिफाफे में अमानत के तौर पर संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा स्वीकार न होने पर यह राशि वापसी योग्य होगी। निविदा प्रपत्र में उल्लेखित अनुसार सामग्री के नमूने जमा करना अनिवार्य है।

(धरणेन्द्र कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला उमरिया (म.प्र.)

## न्यूज इन शॉर्ट




### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की गई निःशुल्क पेयजल व्यवस्था

शहडोल। जल ही जीवन है कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनप्रतिनिधि,व्यापारी, गणमान्य नागरिक, जन अभियान परिषद, स्वयं सेवी , समाजसेवी जल का संरक्षण करने का संदेश दे रहे है । जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिका शहडोल द्वारा लोगों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन जनपद मुख्यालयों में भी किया जाएगा

शहडोल। खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा शिक्षा एवं जनजातीय विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 30 दिवसीय खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन जनपद मुख्यालयों में भी किया जाएगा। जनपद मुख्यालय बुणर में खो-खो एवं फुटवाल बा प्रशिक्षण कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में प्रशिक्षक मो इमरान खान द्वारा, बाली बाल तथा फुटबाल का प्रशिक्षण एमजी ग्राउन्ड साबो में प्रशिक्षक संदीप कुमार मिश्रा द्वारा, गोहपारू जनपद पंचायत में बालीबाल एवं फुटबाल का प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल खन्नौदी में प्रशिक्षक गणेश सिंह द्वारा तथा फुटबाल का प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल धनगवां खेल मैदान में राजू बैगा द्वारा, जयसिंहनगर जनपद पंचायत में बालीबाल एंव फुटबाल का प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल जयसिंहनगर में प्रशिक्षक दुर्गा जायसवाल द्वारा, कराटे तथा एथलेटिक्स का प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल मसीरा खेल मैदान में प्रशिक्षक विष्णुप्रसाद सिंह द्वारा तथा ब्यौहारी जनपद मुख्यालय में खो-खो का प्रशिक्षण ब्यौहारी स्टेडियम में श्रशांत माली द्वारा तथा कबडडी का प्रशिक्षण बैदरा में प्रशिक्षक आयुष सिंह द्वारा दिया जाएगा।

### रक्तदान जागरुकता रैली का आयोजन किया गया




शहडोल। विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर रक्तदान जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें इनरव्हील विराट क्लब शहडोल ने भी भाग लिया । इस रैली में सम्मानित डॉक्टर्स , नर्सेज , दिशा वेलफेयर सोसाइटी एवं रोटरी विराट क्लब आदि समाज की कई संस्थाओं ने भाग लिया । जयस्तंभ से शुरू होकर रैली गांधी चौक पर समाप्त हुई ।रैली के समापन पर डॉक्टर्स ने थैलेसीमिया रोग के बारे में सभी को जागरूक किया और इससे बचने के उपाय और जांच करवाने की आवश्यकता के बारे में बताया । साथ ही इसके इलाज के लिए रक्तदान करना कितना जरूरी है यह भी समझाया । इस रैली में डॉ सुधा नामदेव , डॉ रूपाली सिंघई एवं इनरव्हील की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि जसवानी, रीनू कटारे , मोनिका दुबे , गीतिका खोडियार , नीतू मौर्य एवं वसुधा मिश्रा ने भाग लिया ।

### सीधी पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

शहडोल। थाना सीधी में फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज किया था किए उसकी 17 वर्षीय नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में उक्त नाबालिक बालिका की पता तलाश घटना दिनांक से लगातार की गई जो 9 मई को उक्त बालिका को स्थानीय ग्राम कौआसरईए थाना जयसिंहनगरए शहडोल से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सीधी के नेतृत्व में सउनिण् सीण्पीण्कोलए प्र.आर.सुभाष महोबिया, आर.विजय कुमार महरा एवं आर. जयेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत आपात चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध रखने के निर्देश जारी

शहडोल । कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि समस्त अस्पतालों में पर्याप्त मात्र में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां व उपकरण उपलब्ध रखे जायें। डॉक्टर मय स्टाफ उपस्थित रहें तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रखी जाये। इसके साथ-साथ शहडोल जिले के बुढ़ार एवं ब्यौहारी मुख्यालय स्तर पर आपात चिकित्सा केन्द्र की स्थापना कर समस्त आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध रखी जाये। जिले में उपलब्ध एम्बुलेंस के अतिरिक्त प्रायवेट चिकित्सालयों में संलग्न एम्बुलेंस की सूची तैयार रखें एवं आवश्यकता पड़ने पर सेवाएं ली जाये। प्रायवेट चिकित्सालयों में कार्यरत चिकित्सकों से भी समन्वय स्थापित कर आवश्यक होने पर सेवाएं ली जा सकती हैं।

---

एमएलबी स्कूल से स्टेशन की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे

# स्टेशन रोड पर गड्ढों का संकटः सीवर लाइन अधूरी, डामरीकरण अधर में लटका

**विजय मत, शहडोल**

नगर के स्टेशन पहुंच मार्ग पर गड्ढों की भरमार से आवागमन मुश्किल होता जा रहा है। एमएलबी स्कूल से स्टेशन की ओर जाने वाले इस प्रमुख मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें आए दिन वाहन चालक फंसकर चोटिल हो रहे हैं। विशेषकर दोपहिया वाहन चालक अक्सर हादसे का शिकार हो रहे हैं। बावजूद इसके नगर पालिका की उदासीनता खत्म नहीं हो रही। नागरिकों की लगातार शिकायतों और मांगों के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है। नगर पालिका का तर्क है कि जब तक सीवर लाइन का काम पूरा नहीं होता, तब तक डामरीकरण संभव नहीं। यह बात अब संदेहास्पद हो चली है क्योंकि ठेकेदार कभी ओपन खुदाई, तो कभी अंडरग्राउंड पाइप बिछाने की बात कर काम टाल रहा है।



**बदली रणनीति, फिर भी नहीं दिखा परिणाम**

पहले ठेकेदार द्वारा सड़क की खुदाई कर पाइप लाइन डालने की योजना थी, अब भूमिगत खुदाई का बहाना बनाया जा रहा है। इन सबके बीच नगर पालिका ने एमएलबी स्कूल से शिवम होटल तक 26 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण की तैयारी शुरू कर दी है, परंतु ज़मीनी स्तर पर कार्य शून्य है।

**बारिश बन सकती है अगली बाधा, गुणवत्ता पर उठेंगे सवाल**

नागरिकों को चिंता है कि यदि काम में और देरी हुई तो बरसात के चलते यह परियोजना और टल सकती है। अगर बारिश में डामरीकरण किया गया तो उसकी गुणवत्ता संदेह के घेरे में आ जाएगी। गीली मिट्टी पर किया गया कार्य अधिक दिन नहीं टिकता और सड़क जल्दी खराब हो जाती है।

**सात माह पुराना पत्र, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई**

नगर पालिका ने 26 सितंबर 2024 को सीवर लाइन ठेकेदार को पत्र लिखकर काम शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया था, लेकिन 7 माह बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई। इस बीच नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह खुदाई अधूरी छोड़ दी गई है।

**आईजी बंगला मार्ग पर भी वही स्थिति**

इसी तरह बाणगंगा से आईजी बंगला तक भी काम अधूरा पड़ा है। नगर पालिका ने 29 अक्टूबर 2024 को भी पत्र जारी किया था, लेकिन कार्य में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। ठेकेदार की मनमानी, निगरानी तंत्र की कमजोरी और प्रशासनिक अनदेखी ने शहरवासियों को नारकीय स्थिति में डाल दिया है।

**निगरानी और जवाबदेही ज़रूरी**

जनता की मांग है कि नगर पालिका ठेकेदारों पर सख्ती बरते और कार्य में तेजी लाए। बार-बार पत्र लिखने से बेहतर होगा कि समय-सीमा तय कर सीवर लाइन और डामरीकरण का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। अन्यथा आने वाले दिनों में यह मुद्दा जन आंदोलन का रूप ले सकता है।

## पत्नी की हत्या का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

चरित्र पर शक होने के कारण पति ने की थी पीट पीट कर हत्या

**विजय मत, ब्यौहारी**

09 मई को फरियादी रामप्रकाश कोल पिता बाल्मीक कोल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम खड्डा द्वारा ब्यौहारी थाना में उपस्थित रिपोर्ट दर्ज कराई कि 08 मई को उसके रिस्ते की भांजी सुधा कोल को उसका पति छोटेलाल कोल, भल्लू उर्फ अमृतलाल कोल के साथ कमरे मे पकड लिया था, इसी बात को लेकर राड एवं डंडा से मारपीट किया था, जिससे उसकी भांजी सुधा कोल की मृत्यु हो गई है, फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 103(1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।



प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस टीम एवं फारेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा मृतिका के शव का पंचनामा कर पी.एम. कराया गया, जिसमे मृतिका की हत्या किये जाने की पुष्टि हुई है। विवेचना के आधार पर आरोपी छोटेलाल कोल पिता सूरज कोल निवासी वार्ड क्रमांक 11 जुनिया मोहल्ला ब्यौहारी के विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाये जाने पर 02 टीमे गठित कर आरोपी छोटेलाल की तलाश की गई तथा आरोपी को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई । जिसमे आरोपी छोटेलाल कोल द्वारा लोहे की राड एवं डंडे से पत्नी सुधा कोल एवं भल्लू उर्फ अमृत लाल कोल के साथ मारपीट करना तथा सुधा कोल की मारपीट कर हत्या कर देना बताया । आरोपी छोटेलाल कोल के मेमोरेण्डम के आधार पर घटना मे प्रयुक्त लोहे की राड एवं लकडी का डंडा जप्त किया गया है तथा आरोपी छोटेलाल कोल पिता सूरज कोल उम्र 30 वर्ष निवासी जुनिया टोला ब्यौहारी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा एस.डी.ओ.पी. ब्यौहारी के दिशा निर्देशन मे ब्यौहारी पुलिस द्वारा की गई है । कार्यवाही मे थाना प्रभारी अरूण कुमार पाण्डेय एवं अधिनस्थ स्टाफ उपनिरीक्षक वीरेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक अजीत यादव, संजय द्विवेदी, अमृत यादव, पुष्पेन्द्र सिंह की भूमिका रही है ।

### गोहपारू पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। थाना गोहपारु क्षेत्रांतर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम मोहतरा में एक व्यक्ति अपनी पत्नी को मारने की मंशा से भाला लेकर घूम रहा है, कोई अप्रिय गंभीर अपराध घटित करने की फिराक में है। सूचना पर गोहपारु पुलिस द्वारा बताए हुए स्थान में तत्काल दबिश देकर आरोपी चन्द्रपाल सिंह उइके पिता रंगदेव सिंहए उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम मढ़ी, थाना बिरसिंहपुर पाली, जिला उमरिया को घेर कर के आरोपी के कब्जे लोहे का धारदार तीरनुमा भाला पुलिस द्वारा अपने कब्जे में लिया गया। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोहपारु के नेतृत्व में विद्यासागर. प्र.आर.दशरथ सिंह एवं आर. सतीश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संभागीय मुख्यालय में 15 स्थानों पर 15 खेल विधाओं का दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण हेतु खेल मैदान एवं प्रशिक्षक चयनित

**विजय मत, शहडोल**

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संभागीय मुख्यालय शहडोल में आगामी 12 मई से 15 खेल विधाओं का प्रशिक्षण 15 खेल मैदानों में दिया जाएगा। जिसके लिए खेल मैदानों एवं खेल प्रशिक्षकों का चयन कर लिया गया है। महात्मा गांधी स्टेडियम शहडोल में एथलेटिक्स का प्रशिक्षण प्रशिक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंहं, हैंडवाल का प्रशिक्षण सुश्री श्रीदेवी सोनी, वालीवाल का प्रशिक्षण रतन सिंह ठाकुर, बास्केट बाल का प्रशिक्षण केके श्रीवास्तव, कबडडी का प्रशिक्षण श्रीमती कल्पना अहिरवार, बैडमिन्टन का प्रशिक्षण प्रशिक्षक सतेन्द्र सोनी द्वारा, टेबिल टेनिस का प्रशिक्षण प्रशिक्षक पीपी सिंह द्वारा दिया जाएगा। सेपकटेकरा का प्रशिक्षण शान्ति मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल शहडोल में प्रशिक्षक रामकिशोर चौरसिया द्वारा, खो-खो का प्रशिक्षण रेलवे स्कूल खेल मैदान में प्रशिक्षक रहीम खान, कराटे का प्रशिक्षण रघुराज स्कूल क्रमांक 01 में प्रशिक्षक अजय चौधरी, विराट मार्सल आर्ट एकेडमी में जूडो का प्रशिक्षण विराट मार्सल आर्ट एकेडमी में शिवानी नामदेव तथा लाठी का प्रशिक्षण प्रशिक्षक प्रमोद विश्वकर्मा फुटबाल का प्रशिक्षण विचारपुर फुटबाल खेल मैदान में प्रशिक्षक नरेश कुण्डे द्वारा दिया जाएगा। ज्ञानोदय अशासकीय स्कूल मैदान में बाक्सिंग का प्रशिक्षण प्रशिक्षक अंसुमन सिंह तथा ताईक्वाडो का प्रशिक्षण आकाश पुरी गोस्वामी द्वारा दिया जाएगा।

## तालाब में डूबने से चार साल के बच्चे की मौत

**विजयमत,शहडोल**

शहडोल जिले के केशवाही चौकी क्षेत्र में एक 4 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बालक निखिल सिंह कोतमा जमुनिया का रहने वाला था। वह अपनी नानी के घर केशवाही के कोटा टोला पिपरिया गांव में घूमने आया था। बच्चा नानी के साथ पिपरिया तालाब में नहा रहा था, इस दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि बालक निखिल अपनी नानी के साथ तालाब में नहाने गया था। नानी के नहाते समय निखिल खेल रहा था। अचानक नानी ने देखा कि वह पानी में डूब गया है। नानी ने आस-पास नहा रहे लोगों को आवाज दी, सभी ने मिलकर निखिल को पानी से निकालने का प्रयास किया। उसे तालाब से बाहर निकाला गया, तब उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। निखिल के परिवार ने बताया कि वह खुशमिजाज और चंचल था। हम जिसे हमेशा खेलते और हंसते-खिलखिलाते देखते थे, अब वह हमारे बीच नहीं रहा।

चौकी प्रभारी आशीष झारिया ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अवैध शराब जप्त

शहडोल। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत 9 मई को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 10 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 57 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 15 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त की गई, जिसकी कुल कीमत 7,850 रु. है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

## सुरक्षा सख्त, जिला प्रशासन ने पूरी की तैयारी

**विजयमत,शहडोल**

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव बीच शहडोल प्रशासन अलर्ट मोड में है। पुलिस, रेलवे, स्वास्थ्य, विद्युत सहित अन्य विभागों ने मिलकर आवश्यक सावधानियों को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। समाज में तनाव उत्पन्न करने वाली गतिविधियों के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ ही अपुष्ट और भ्रामक सूचनाओं के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। जिला कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया, हम सभी संस्थाओं और जिले की सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं। एनडीआरएफ के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी करनी है। उन्होंने कहा कि शनिवार को बुढार और जिला मुख्यालय में सभी अधिकारियों की बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।



**संयुक्त चेकिंग अभियान से बढ़ी सुरक्षा**

रेलवे स्टेशनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती देने के लिए आरपीएफ, जीआरपी और कमर्शियल स्टाफ ने संयुक्त चेकिंग अभियान शुरू किया है। प्लेटफॉर्म और ट्रेनों की लगातार सर्चिंग की जा रही है, जिसमें डॉग एस्कॉर्ट का भी सहयोग लिया जा रहा है। बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार तिवारी ने कहा, हमने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। अगर जरूरत पड़ी तो प्रशासन के निर्देशों पर हम बिना समय गंवाए कार्य करेंगे और 5 मिनट के अंदर ही ब्लैकआउट कर देंगे।

**पुलिस विभाग की रणनीति**

पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने कहा, हमने अतिरिक्त सुरक्षा के लिए कार्य योजना बना ली है। सभी पुलिस जवानों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं और अति आवश्यक कार्य होने पर ही उन्हें अवकाश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी थाना क्षेत्रों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ताकि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाए।

---

**समस्या** चार साल बीतने के बाद भी सीएम राइज विद्यालयों को नहीं मिली बुनियादी सुविधाएं

# एक्सटेंशन के बाद भी अधूरे स्कूल भवनःछात्रों को भारी परेशानी

**विजयमत,शहडोल**


शासकीय स्कूलों को निजी स्कूलों की तर्ज पर विकसित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए सीएम राइज विद्यालयों की स्थिति आज भी दयनीय बनी हुई है। जिले के पांचों ब्लॉकों में चौथे सत्र की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन अब तक इन विद्यालयों के नए भवन तैयार नहीं हो पाए हैं। यह हाल तब है जब निर्माण कार्य की निर्धारित समय सीमा समाप्त हो चुकी है और एक्सटेंशन की समय-सीमा भी खत्म होने को है।

**पुराने भवनों में संचालित हो रही पढ़ाई**

नए भवन न बनने की वजह से इन विद्यालयों का संचालन आज भी पुराने एक्सीलेंस स्कूलों के जर्जर भवनों में किया जा रहा है। ऐसे भवनों की स्थिति इतनी खराब है कि बरसात के दौरान छत से पानी टपकता है, जिससे कक्षाएं प्रभावित होती हैं। कुछ विद्यालयों में तो बारिश के कारण स्कूल परिसर में पानी भर जाता है, जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**छात्र संख्या अधिक, जगह कम**

सीएम राइज स्कूलों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन भवन की कमी के कारण उन्हें समुचित स्थान नहीं मिल पा रहा है। जयसिंहनगर के विद्यालय में जहां एक कमरे में 30 बच्चों की जगह है, वहां 50 से अधिक बच्चे बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। ब्योहारी के मऊ विद्यालय में स्थान की कमी के चलते दो शिफ्ट में स्कूल चलाना पड़ रहा है।




**नहीं मिली बस सुविधा, बच्चे हो रहे हैं परेशान**

सीएम राइज योजना के तहत विद्यालयों से 15 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले बच्चों के लिए बस सुविधा की व्यवस्था होनी थी। इसके लिए विद्यालयों ने रूट चार्ट बनाकर शासन को भेजे भी, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी यह सेवा शुरू नहीं हो पाई है। नतीजतन दूरदराज से आने वाले बच्चों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है। विद्यालयों के अनुसार प्रत्येक स्कूल के लिए कम से कम दो से तीन बसों की जरूरत होगी।

**भवन निर्माण की गति अत्यंत धीमी**

जनजातीय कार्य विभाग की देखरेख में संचालित चार सीएम राइज स्कूलों को वर्ष 2024 में तैयार किया जाना था। तय समय पर कार्य पूरा न होने पर एक्सटेंशन दिया गया, परंतु वह भी समाप्त होने को है। ब्योहारी में संचालित विद्यालय को पहले अगस्त 2024 में पूर्ण करना था, फिर समयसीमा जनवरी 2025 और अब जून 2025 कर दी गई है। यह लगातार हो रही देरी छात्रों और विद्यालय प्रशासन दोनों के लिए चिंता का विषय है।

**स्टाफ की कमी, पढ़ाई पर पड़ रहा असर**

सीएम राइज विद्यालयों में अब तक स्टाफ की स्थायी नियुक्ति नहीं हो पाई है। केवल एक बार स्टाफ पदस्थापना के लिए परीक्षा कराई गई है। फिलहाल पुराने स्टाफ और अतिथि शिक्षकों के सहारे विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। छात्र संख्या के अनुपात में स्टाफ की भारी कमी है, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**विद्यालयों में छात्रों और स्टॉफ की वर्तमान स्थिति**

वर्तमान में जयसिंहनगर विद्यालय में सबसे अधिक 1675 छात्र और 48 स्टॉफ सदस्य हैं। बुढ़ार विद्यालय में 1125 छात्र तथा 35 स्टॉफ हैं, जबकि ब्यौहारी में 1002 छात्र और 41 स्टॉफ कार्यरत हैं। छतवई विद्यालय में 900 छात्र हैं तथा 39 स्टॉफ सदस्य कार्यरत हैं। गोहपारू विद्यालय में 1153 छात्र और 40 स्टॉफ सदस्य हैं। इस प्रकार, सभी विद्यालयों में छात्र संख्या और स्टॉफ की स्थिति में विविधता पाई जाती है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# नास्तिकता का प्रतीक है आतंकवाद

भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर के तहत आतंक के गढ़ में आतंक को मार गिराया है। ऑपरेशन सिंदूर से कई आतकवादियों का सफाया हुआ है। पाक ने हिन्दुस्तानियों का सुहाग बिगाड़ा तो भारत ने आतंक का संसार ही उखाड़ दिया है। पाकिस्तान, हिन्दुस्तानियों से भविष्य में भय खाएगा और कोई भी घटना को अंजाम देने से पहले अपनी मौत को दावत देगा। पकिस्तान आतंकिस्तान है। पकिस्तान की सेना और आतंकवादी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। ये दोनों इस युद्ध में बराबर की सहभागिता निभा रहे हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी वहां की सेना का ही एक हिस्सा है जिसे आई एस आई आदि संगठन के नाम से जाना जाता है। पाकिस्तान का नाम आतंकिस्तान होना चाहिए। अब समय आ गया है की पूरे पकिस्तान को ध्वस्त कर विश्व में अमन और चैन स्थापित किया जाए। ऑपरेशन सिंदूर में कई आतंकवादी संगठन जैसे जैश, लश्कर, के आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इन सभी मारे गए आतंकवादियों को पकिस्तान की सेना ने गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे विश्व में सन्देश जाता है कि पाकिस्तान की पूरी सेना ही आतंकवादी की भूमिका में है। विश्व में स्थायी भविष्य की शान्ति के लिए पाकिस्तान को नेस्तानाबूत ही करना पड़ेगा। ऑपरेशन सिन्दूर कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल 2025 को मारे गए 26 भारतीयों का बदला है । हिन्दुस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर से विश्व को आतंक के खिलाफ चेतावनी दे दी है। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान की लगभग सभी एयरबेस ध्वस्त हो चुकी हैं। हिन्दुस्तान आतंक की कमर तोड़ रहा है न की नागरिकों की । भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर ने पाकिस्तान के होश उड़ा दिए हैं। अब कंगाली की दहलीज पर पंहुच चुके पाकिस्तान को अपने रक्षा बजट को 18 फीसदी तक बढ़ाना पड़ा है।

**नोट**


सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# दया, करुणा और मानवता के महानायक भगवान बुद्ध

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

563 ईसापूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा को लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच एक राजकुमार के रूप में भगवान बुद्ध ने उस समय जन्म लिया, जब उनकी मां कपिलवस्तु की महारानी महामाया देवी अपने पीहर देवदह जा रही थी और रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। इस राजकुमार का नाम रखा गया सिद्धार्थ, जो आगे चल कर महात्मा बुद्ध के नाम से विख्यात हुए। महात्मा बुद्ध का जीवन दर्शन और उनके विचार आज ढाई हजार से अधिक वर्षों के बेहद लंबे अंतराल बाद भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके प्रेरणादायक जीवन दर्शन का जनजीवन पर अमिट प्रभाव रहा है। हिन्दू धर्म में जो अमूल्य स्थान चार वेदों का है, वही स्थान बौद्ध धर्म में 'पिटकों' का है। महात्मा बुद्ध स्वयं अपने हाथ से कुछ नहीं लिखते थे बल्कि उनके शिष्यों ने ही उनके उपदेशों को कंठस्थ कर बाद में उन्हें लिखा और लिखकर उन उपदेशों को वे पेटियों में रखते जाते थे, इसीलिए इनका नाम 'पिटक' पड़ा, जो तीन प्रकार के हैं- विनय पिटक, सुत्त पिटक तथा अभिधम्म पिटक।बुद्ध का कथन है ,कल्याण की भावना तथा प्राणीमात्र के प्रति दयाभाव का साक्षात्कार होता है। बुद्ध के हृदय में बाल्यकाल से ही चराचर जगत में विद्यमान प्रत्येक प्राणी में प्रति करूणा कूट-कूटकर भरी थी। निश्चित ही बचाने वाले का अधिकार है।यही न्याय उनके पिताजी ने उनके साथ किया।बुद्ध की सोच थी कि ''जो व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति से ईर्ष्या करता है, उससे वैर भाव रखता है, किसी पर बेवजह क्रोध करता है, निरीह प्राणियों पर अत्याचार या उनकी हत्या करता है, वही व्यक्ति नीच होता है। जब कोई किसी पर चिल्लाता है या उसे अपशब्द कहता है अथवा उसे नीच कहता है तो ऐसा करने वाला व्यक्ति ही वास्तव में नीचता पर उतारू होता है क्योंकि असभ्य व्यवहार ही नीचता का प्रतीक है। जो व्यक्ति किसी का कुछ लेकर उसे वापस नहीं लौटाता, ऋण लेकर लौटाते समय झगड़ा या बेईमानी करता है, राह चलते लोगों के साथ मारपीट कर लूटपाट करता है, जो माता-पिता या बड़ों का आदर-सम्मान नहीं करता और समर्थ होते हुए भी माता-पिता की सेवा नहीं करता बल्कि उनका अपमान करता है, वही व्यक्ति नीच होता है। जाति या धर्म निम्न या उच्च नहीं होते और न ही जन्म से कोई व्यक्ति उच्च या निम्न होता है बल्कि अपने विचारों, कर्म तथा स्वभाव से ही व्यक्ति निम्न या उच्च बनता है।

> "मनुष्य हो या कोई जीव-जंतु, किसी का भी दुख उनसे देखा नहीं जाता था। एक बार की बात है, जंगल में भ्रमण करते समय उन्हें किसी शिकारी के तीर से घायल एक हंस मिला। उन्होंने उसके शरीर से तीर निकालकर उसे थोड़ा पानी पिलाया। तभी उनका चचेरा भाई देवदत्त वहां आ पहुंचा और कहा कि यह मेरा शिकार है, इसे मुझे सौंप दो। इस पर राजकुमार सिद्धार्थ ने कहा कि इसे मैंने बचाया है जबकि तुम तो इसकी हत्या कर रहे थे, इसलिए तुम्हीं बताओ कि इस पर मारने वाले का अधिकार होना चाहिए या बचाने वाले का।"



बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष

मध्य बिहार के धार्मिक तीर्थ स्थल गया से लगभग 10 किमी दूर वह पवित्र स्थान है जहां महात्मा बुद्ध को आध्यत्म का बोध हुआ और उन्होंने संसार से विरक्त होकर ईश्वरीय ज्ञान की अलख जगाई ,साथ ही दुनिया मे शांति व सदभाव की स्थापना के लिए उन्होंने साधना की। सिद्धार्थ अर्थात गौतम का संसार की मोह माया को त्यागकर महात्मा बुद्ध में परिवर्तित होना और अपना संपूर्ण जीवन धर्म के असली अर्थ को जानकर बोध की अवस्था को प्राप्त करना एक चमत्कार ही है, जिसका संदेश सारे विश्व में गया है। बौद्ध धर्म को स्थापित करने वाले सिद्धार्थ अर्थात गौतम बुद्ध को बिहार की भूमि पर ही बोध की प्राप्ति हुई थी। जिस स्थान पर गौतम बुद्ध ने सर्वोच्च ज्ञान हासिल किया था, उस जगह को महाबोधि मंदिर, जो कि बोध गया में स्थित है, के नाम से जाना जाता है।इस मंदिर की सुरक्षा अत्यधिक है।श्रद्धालुओं को सीसीटीवी कैमरे की नजर में रखा जाता है।कैमरे व मोबाइल की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित है।चाहे श्रद्धालु स्त्री हो या पुरूष दोनों को ही दो दो बार तलाशी के दौर से गुजरना पड़ता है।तब जाकर महात्मा बुद्ध के विग्रह को निहारने व वहां बैठकर साधना सुख का अवसर मिल पाता है।

बौद्ध धर्म के पवित्र स्थल के रूप में प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर के दर्शन के लिए बौद्ध धर्म के अनुयायी देश-विदेश से बोध गया आते हैं। महात्मा बुद्ध को विष्णु का अवतार भी माना जाता है इसलिए इस मंदिर को लेकर हिन्दू धर्म के लोगों की भी गहरी आस्था है। महात्मा बुद्ध का जीवन जितना अद्भुत था। इस मंदिर का इतिहास भी उतना ही रोचक है, जो मौर्य शासक सम्राट अशोक से जुड़ा है। गौतम बुद्ध को बोध की प्राप्ति कब हुई, इससे ठीक अनुमान से जुड़ा कोई भी दस्तावेज मौजूद नहीं है। यहां तक कि बुद्ध का जन्म किस सदी और किस तारीख को हुआ, इससे जुड़ा कोई पुख्ता प्रमाण मौजूद नहीं है। महात्मा बुद्ध का संबंध 5वीं और 6वीं शताब्दी ईसापूर्व से है। माना जाता है तीसरी शताब्दी ईसापूर्व में सम्राट अशोक, जो बौद्ध धर्म ग्रहण करने वाले पहले शासक थे, ने इस महाबोधि मंदिर में अपने विशिष्ट पहचान वाले खंबे भी लगवाए जिनके शीर्ष पर हाथी बना होता था। पहली शताब्दी ईसवी में इस मंदिर की परिधि में नक्काशीदार पत्थरों से बनी एक बाड़ लगा दी गई, जिसके कुछ अवशेष आज भी मौजूद हैं। इस मंदिर के भीतर एक बड़ी प्रतिमा के रूप में बुद्ध, पद्मासन में विराजमान हैं। कहा जाता है यह वही स्थान है जहां बुद्ध को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। मंदिर के भीतर स्थित बुद्ध की प्रतिमा के आगे भूरे बलुए पत्थर पर बुद्ध के विशाल पदचिन्ह भी मौजूद हैं, जिन्हें धर्मचक्र प्रर्वतन का प्रतीक भी कहा जाता है। इस मूर्ति के चारों ओर विभिन्न रंगों के झंडे लगे हुए हैं जो इस मूर्ति को बेहद आकर्षक और विशिष्ट बनाते हैं। ऐसा भी कहा जाता है कि जब सम्राट अशोक ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था तब यहां हीरे-जवाहरात से बना एक सिंहासन भी बनवाया था, जिसे पृथ्वी का नाभि केन्द्र माना जाता था। महाबोधि मंदिर के परिसर में उन सात स्थानों को प्रमुखता के साथ चिन्हित किया गया है जहां महात्मा बुद्ध ने ज्ञान की प्राप्ति होने के पश्चात आगामी सात सप्ताह व्यतीत किए थे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# संत कवि सूरदास की कृष्ण आराधना

**संजय गोस्वामी**

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूरदास जी का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल इस दिन को सूरदास जयंती (Surdas Jayanti 2024) के रूप में मनाया जाता है। अतः सूरदास की जयंती 12 मई 2024 को है।उनके पिता का नाम पंडित था। रामदास सारस्वत ब्राह्मण और माता का नाम जमुना दास था। सूरदास के पिता एक प्रसिद्ध गायक थे। सूरदास के जन्मांध होने की कई कहानियाँ प्रचलित हैं। कुछ विद्वानों का मानना है कि वह जन्म से ही अंधे थे, जबकि अन्य का मानना है कि वह बाद में अंधे हो गये। फरीदाबाद के निकट जी गाँव में उनका जन्म हुआ था वे जन्म से ही अंधे थे इसलिए उनका नाम सूरदास हुआ उन्होंने सूरसागर आदि महान रचनाओं की रचना की थी। सूरदास ने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने पिता से प्राप्त की। उसके बाद उन्होंने संस्कृत, व्याकरण, साहित्य और संगीत का अध्ययन किया। वह एक कुशल गायक और कवि थे। एक बार सूरदास की भेंट श्री वल्लभाचार्य से आगरा के निकट गऊघाट पर हुई। वल्लभाचार्य ने उन्हें पुष्टिमार्ग में दीक्षित किया और कृष्णलीला के पद गाने का आदेश दिया। वल्लभाचार्य के शिष्य के रूप में सूरदास ने कई वर्षों तक कृष्णलीला के कई पद गाए और लिखे। सूरदास को वल्लभाचार्य का शिष्य माना जाता है। वे मथुरा के गऊघाट स्थित श्रीनाथ जी के मंदिर में रहते थे। सूरदास का भी विवाह हो गया। आपको बता दें कि अलग होने से पहले वह अपने परिवार के साथ रहते थे। वल्लभाचार्य से मिलने से पहले सूरदास विनम्रता के पद गाते थे, लेकिन जब वे वल्लभाचार्य से मिले और उनके संपर्क में आए तो उन्होंने कृष्णलीला गाना शुरू कर दिया। कहा जाता है कि तुलसी की मुलाकात एक बार मथुरा में सूरदास जी से हुई और धीरे-धीरे उनके बीच प्रेम की भावना बढ़ती गई। ऐसा माना जाता है कि तुलसीदास ने सूरदास के प्रभाव में आकर श्री कृष्ण गीतावली की रचना की थी। सूरदास की सबसे प्रसिद्ध रचना सूरसागर है। यह एक महाकाव्य है जिसमें कृष्णलीला का वर्णन है। इस महाकाव्य में सूरदास ने कृष्ण के बचपन से लेकर उनके द्वारिका प्रवास तक की घटनाओं का वर्णन किया है। इस रचना ने सूरदास को हिन्दी साहित्य का सूर्य बना दिया। वह अपनी रचना सूरसागर के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# भारत-पाकिस्तान टेंशन- भारत का ताबड़तोड़ जवाबी एक्शन- छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत पाकिस्तान के अति तीव्र टेंशन पर लगी हुई है, भारत ने पहलगाम घटना की जवाबी कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक ने अनेकों स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिसके जवाब में भारतीय आर्मी ने अनेकों ड्रोन, मिसाइल नाकाम कर दी है, अब हमारा डिफेंस सिस्टम सभी एजेंसयाँ अलर्ट मोड में है, अनेकों राज्यों के अनेकों शहरों में ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है।लगातार सायरन बज रहे हैं, हमारे पूरे मीडिया के साथी दिन रात पैनी नज़र रखे हुए हैं, मैं भी लगातार करीब 20 घंटे पूरी घटनाओं पर नजर रखे हुए हूं। आज सुबह 6 तक संचार माध्यमों में आई पूरी जानकारी के आधार पर यह विशेष रिपोर्ट तैयार किया हूं।संयुक्त राष्ट्र सहित पूरी दुनियाँ के देश इस टेंशन पर नजर बनाए हुए हैं, पाकिस्तान पर भारत की प्रचंड जवाबी प्रहार जारी है, एलओसी पर मुँहतोड़ जवाबी कार्रवाई की जा रही है, पंजाब राजस्थान जम्मू कश्मीर गुजरात के अनेक शहरों में ब्लैक आउट कर दिया गया है। साथियों बात अगर हम भारत के अनेकों राज्यों में ब्लैकआउट को समझने की करें तो,भारतसरकार के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान की हालत खिसियानी बिल्ली जैसी हो गई है। भारतीय सेनाओं की मुस्तैदी को देखते हुए पाकिस्तान और कुछ न कर पाए लेकिन साइबर ड्रोन और मिसाइल अटैक बहुत बढ़ा सकता है।पंजाब के बॉर्डर इलाकों में पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन अटैक किया गया है, पाकिस्तान की तरफ से पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को भी निशाना बनाया गया।पाकिस्तान ने जम्मू से लेकर जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने इन हमलों को नाकाम कर दिया है, जम्मू में पाक ने ड्रोन से एयरपोर्ट को निशाना बनाने की कोशिश की,पाकिस्तान की ओर से जम्मू से लेकर राजस्थान के जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल से हमला किए गए। पाकिस्तान की ओर से किए गए इस ड्रोन अटैक के कारण जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब के कई शहरों में ब्लैक आउट कर दिया गया है,कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट किए जाने की खबर सामने आई है, हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों की ओर से सामने आई जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के ड्रोन अटैक को नाकाम कर दिया गया है। जम्मू ,सांबा, पठानकोट और आरएस पूरा में पाक ड्रोन और मिसाइल से हमला किया गया है,इंटरनेशनल बॉर्डर पर भीषण गोलाबारी की जा रही है, पाक मिसाइल और ड्रोन को मार गिराने में स 400 का इस्तेमाल का किया गया है।

साथियों बात अगर हम भारत पाक के बीच जंग के हालात आज 9 मई 2025 के सुबह 6 तक जानने की करें तो, भारत- पाकिस्तान के बीच जंग के हालात, जानिए ताजा अपडेट (1) जम्मू में सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट (2) ड्रोन से हमले की कोशिश को किया नाकाम (3) एयर डिफेंस सिस्टम ने हमले को नाकाम किया (4) इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाक की ओर से भारी गोलीबारी (5) कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट (6) नागरिकों से घर से अंदर रहने को कहा गया है। (7) पाकिस्तान के ड्रोन अटैक का वीडियो भी सामने आया है। (8) जम्मू हवाई अड्डे को निशाना बनाने को कोशिश की गई थी। (9) भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन को मार गिराया (10) अखनूर और किश्तवाड़ में भी ब्लैकआउट। (11) जम्मू के अलावा पंजाब के फिरोजपुर और अमृतसर से भी ब्लैक आउट की खबरें सामने आई है।(12) जम्मू में फोन नेटवर्क में दिक्कत आ रही है. कॉल कनेक्ट नही हो पा रहा है। (13) राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रेड अलर्ट घोषित किया गया। (14) चंडीगढ़, शिमला, अमृतसर, बठिंडा, भुज से विमानों के उड़ान रद्द कर दिए गए है। (15) राजस्थान के जैसलमेर, श्रीगंगानगर जिले में भी ड्रोन से हमला किया गया है। (16) जम्मू यूनिवर्सिटी के पास दो ड्रोन गिराए गए। (17) यह जानकारी सामने आई कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। (18) रुक-रुक कर पाकिस्तान की ओर से अभी भी ड्रोन भारतीय सीमा में आ रहे हैं. जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम नाकामसाबित कर रही है। (19) मोहाली में दो घंटे के ब्लैकआउट की घोषणा कर दी गई है। (20) गुजरात के सर क्रीक में पाक ड्रोन को मार गिराया गया है (21) राजस्थान- दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। (22) धर्मशाला में आईपीएल का मैच रोक दिया गया है। (23) तीनों सेना प्रमुखों के साथ भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बैठक कर रहे हैं। (24) अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से जयशंकर ने बातचीत की है। (25) जालंधर पर हमले की कोशिश नाकाम कर दी गई है। (26) इंटरनेशनल बॉर्डर के बास भीषण गोलीबारी हो रही है, कई चौकियों को खाली कराया गया है। (27) राजस्थान के श्रीगंगानगर में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। (28पीएम मोदी और एनएसए अजीत डोभाल के बीच मीटिंग़ हुई।

> "पाक ने अमेरिका से गुहार के बाद अमेरिका ने कहा भारत और पाकिस्तान आपस में निपटो, यानें अमेरिका ने हाथ झटक दिये हैं, मदद से इनकार कर दिया है। पाक् द्वारा बॉर्डर पर समझौते के उलंघन लगातार कर रहे है व बिना कारण जोरदार फायरिंग कर रहा है तथा भारत की जवाबी कार्रवाई से खलबली मची हुई है।चूँकि भारत द्वारा डिफेंस सिस्टम सहित लाहौर पेशावर के बाद अब कराची पोर्ट को भी तबाह कर दिया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में खलबली, पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम सहित कई पोर्ट तबाह कर दिए गए हैं।"




साथियों बात अगर हम भारत पाक तनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण अपडेट की करें तो, नौसेना ने समुद्री हमले में कराची पोर्ट पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागी हैं, इन हमलों में कराची पोर्ट बताया जा रहा है की पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है, पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से बढ़े तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने पहले ही आईएनएस विक्रांत को अरब सागर में तैनात कर रखा है भारत-पाकिस्तान तनाव से जुड़े जरूरी अपडेट्स।(1) पाकिस्तान की तरफ से आरएसपुरा सेक्टर में भारी शेलिंग हो रही है। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कुपवाड़ा और बारामूला में भारी फायरिंग हो रही है। भारतीय सेना जवाब दे रही है। (2) सतवारी, सांबा, आरएस पुरा सेक्टर और अरनिया में 8 मिसाइलें दागीं। इन्हें भी भारतीय एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। (3) पाक की तरफ से हो रहे हमलों को देखते हुए जम्मू में सीमा के पास रह रहे लोगों को बंकर में ले जाया गया है। पूरे कश्मीर में बिजली बंद कर दी गई है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

## शब्द पहेली - 8364

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | ■ | |
| 23 | 24 | ■ | | ■ | | ■ | 25 | |
| ■ | 26 | | | ■ | 27 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइनू-3
27. परिमूल्य-3

**ऊपर से नीचे**

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

## शब्द पहेली -8363 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | आ | र | ति | ■ | अ | ना | मि | का |
| आ | ना | ■ | ल | जी | ज | ■ | ■ | र |
| ले | ■ | श | मि | ■ | र | न | ■ | तू |
| ख | ल | ब | ला | ना | ■ | र | ई | स |
| ■ | ग | ■ | ना | ■ | म | ■ | मा | ■ |
| ख | न | न | ■ | म | नो | न | न | य |
| लि | ■ | ल | क | ■ | रं | ग | ■ | ती |
| हा | ■ | ■ | हा | फि | ज | ■ | का | म |
| न | स | वा | र | ■ | न | ज | ला | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**12 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2025 वर्ष का 132 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 22.26 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 06.17 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान अहोरात्र।
**करण** विष्टि 09.16 बजे तदनन्तर बव 22.26 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 14.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 09'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872342
**जूलियन दिन** 2460807.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 13
**विशेष** वैशाख पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा, पूर्णिमा उपवास, चित्रा पूर्णिमा, कूर्म जयंती।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.34 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मिथुन | 07.32 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.45 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.01 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.13 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.24 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.39 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.55 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.00 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.46 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मीन | 02.19 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 03.50 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**– **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## यूज इन शॉर्ट




### भालूमाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: दो स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

अनूपपुर। भालूमाड़ा थाना पुलिस ने दो स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोती.उर.रहमान के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी, एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में की गई।भालूमाड़ा थाना पुलिस ने न्यायालय कोतमा द्वारा जारी किए गए स्थाई गिरफ्तारी वारंट के तहत प्रकरण क्रमांक 636"2022 में आरोपी रमाशंकर पारस्कर 25 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 07 बनिया टोला, कोतमा, जो जुआ एक्ट के तहत फरार था,को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही प्रकरण क्रमांक 1205/2023 में आरोपी वंशू कोल 54 वर्ष निवासी ग्राम हरद, थाना भालूमाड़ा, जो आबकारी एक्ट के तहत फरार था, को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया।इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी संजय खलको, प्रधान आरक्षक 58 जितेन्द्र खलको, आरक्षक 501 स्वदेश सिंह चौहान, और आरक्षक 208 कृपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध रेत परिवहन, ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार



अनूपपुर। जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन पर शिकंजा कसते हुए बिजुरी पुलिस ने 10 मई को ग्राम तरसिली में एक ट्रैक्टर को रंगेहाथ पकड़ा। पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई, जिसके तहत रेत माफियाओं पर लगातार निगरानी और सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी और एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में बिजुरी थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम तरसिली में आंगनबाड़ी के पास घेराबंदी कर एक नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर 65 / 3617 को अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा। ट्रैक्टर को मौके पर ही जब्त कर लिया गया और चालक केश करण पाव उम्र 22 वर्ष निवासी गुलीडांड थाना बिजुरी को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही वाहन मालिक के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है।बिजुरी थाने में इस संबंध में अपराध क्रमांक 139"25 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 303/2/ 317/5 3;5द्ध बीएनएसए 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 130/177/3 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, आरक्षक रवि सिंह, विश्वजीत मिश्रा, करमजीत सिंह की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि अवैध रेत खनन और परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में लगातार कठोर कार्रवाई जारी रहेगा।

### डूमरकछार नगर परिषद के नवागत सीएमओ लखन लाल पनिका ने संभाला पदभार

अनूपपुर। डूमरकछार नगर परिषद के नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) लखन लाल पनिका ने आज पदभार ग्रहण किया। इससे पहले प्रभारी सीएमओ के रूप में कार्यरत मनोहर बिंझवार को विदाई दी गई। नवागत सीएमओ पनिका ने पदभार संभालते हुए नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। पदभार ग्रहण करते हुए लखन लाल पनिका ने कहा, मैं पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करूंगा। नगर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हम सभी विकास कार्यों को गति देंगे। स्वच्छता मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और इ.के. बाय.सी. के तहत नगर परिषद की रैंकिंग सुधारने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह कार्यालय और फील्ड दोनों स्तरों पर काम कर रहे हैं ताकि नगर के विकास कार्यों में कोई भी रुकावट न आए। सीएमओ ने नगर के सभी वार्डों का निरीक्षण किया और जल्द ही कार्यों को प्रभावी रूप से पूरा करने का वादा किया।इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष सुनील चौरसिया और कर्मचारियों ने सीएमओ लखन लाल पनिका का पुष्पहार पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कर्मचारियों ने भी नए सीएमओ के नेतृत्व में नगर परिषद के कार्यों को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी मदद देने का आश्वासन दिया।डूमरकछार नगर परिषद में पूर्व में कई कार्य अधूरे पड़े थे, और नगर परिषद जिले के इ.के. बाय.सी. में रैंकिंग में पिछड़ गया था। अब नए सीएमओ के नेतृत्व में नगर परिषद के सभी कार्यों में तेजी लाई जाएगी, जिससे रैंकिंग में सुधार होने की संभावना जताई जा रही है।

### चंदिया में तीन दिवसीय उर्स संपन्न

उमरिया। चंदिया के हजरत नौगजा शाहदाता रहमतुल्लस अलैह के तीन दिवसीय उर्स संपन्न हुआ । उर्स कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल नसीब खान ने बताया कि प्रथम दिन 9 मई को शाही चादर संल जुलूस निकाला गया तथा जलाल अजमेरी जामनगर गुजरात व्दारा कव्वाली की प्रस्तुति दी गई। इसी तरह 10 मई को सिराज चुष्ती बडोदरा गुजरात तथा गीता चिष्ती दिल्ली के कव्वाली का प्रोग्राम आयोजित हुआ। इसी तरह 11 मई को नौषद अली खान मुंबई तथा गुलजार नाजा मुंबई व्दारा कव्वाली प्रस्तुत दी गई।

3200 मेगावाट के साये में जल रहे हैं छतई, उमरदा और मंटोलिया के सपने

# वेलस्पन ने छीना अतीत, अदानी छीन रहा भविष्य ?

## सवालों में घिरा अदानी का प्लांट - क्या झूठ की नींव पर होगा निर्माण?

**विजय मत, अनूपपुर**

हमने तो सोच लिया था कि बच्चों को अब खेत नहीं कारखाने की नौकरी मिलेगी... लेकिन न खेत रहे, न काम मिला। यह दर्द है ग्राम छतई के किसान रघुनंदन का, जिन्होंने डेढ़ दशक पहले वेलस्पन कंपनी को विश्वास में लेकर अपनी पुश्तैनी जमीन दे दी थी। आज वही भूमि फिर चर्चा में है इस बार अदानी ग्रुप की अनूपपुर थर्मल एनर्जी मध्य प्रदेश प्राइवेट लिमिटेड 3200 मेगावाट का पावर प्लांट लगाने जा रही है। लेकिन ग्रामीणों का भरोसा टूट चुका है, और सवाल वही है क्या इस बार भी वादे हवाओं में उड़ जाएंगे? कोतमा विधानसभा अंतर्गत ग्राम छतई, उमरदा और मंटोलिया के सैकड़ों ग्रामीणों ने 15 साल पहले वेलस्पन कंपनी को अपनी जमीन इसलिए दी थी क्योंकि उन्हें वादे किए गए थे हर परिवार से एक को नौकरी, गांव में स्कूल, अस्पताल, सड़क और समृद्धि की गारंटी। लेकिन न तो उद्योग लगा और न ही वादे पूरे हुए। जो जमीन उनके जीवन की बुनियाद थी, वो छिन गई। कुछ साल मामूली भत्ते मिले जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुए।

### अब अदानी की एंट्री, लेकिन भरोसा टूटा हुआ है

अब इसी भूमि पर अदानी समूह की कंपनी द्वारा पावर प्लांट की परियोजना लाई जा रही है। पर्यावरणीय जनसुनवाई की तिथि 15 मई तय की गई है। लेकिन इस घोषणा के साथ ही ग्रामीणों का पुराना जख्म फिर हरा हो गया है। लोगों का कहना है कि जब वेलस्पन के नाम पर जमीन ली गई थी, तब भी वादे किए गए थे। अब बिना पुराने मामलों का हिसाब-किताब




किए कोई नई योजना मंजूर नहीं की जाएगी।

### ग्रामीणों की दो टूक - पहले हिसाब, फिर जनसुनवाई

ग्रामीणों ने कहा है कि जब तक पिछली कंपनी द्वारा किए गए वादों का सार्वजनिक उत्तर और मुआवजा नहीं मिलता, तब तक वे किसी भी प्रकार की पर्यावरणीय जनसुनवाई का समर्थन नहीं करेंगे। उनका सवाल सीधा है हमने अपनी जमीन दी, बदले में क्या मिला? बेरोजगारी, बदहाली और गुमनाम संघर्ष !गांव वालों की नाराजगी का एक कारण जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी है। ग्रामीण पूछते हैं कि क्या वे सिर्फ चुनाव के वक्त आते हैं? क्या अब उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे ग्रामवासियों की आवाज शासन तक पहुंचाएं और बीते सालों के अन्याय का समाधान निकालें?

### कहां हैं मूलभूत सुविधाएं?

स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सड़क जैसी सुविधाएं जिनका वादा किया गया था वह आज भी नदारद हैं। बच्चों की पढ़ाई अधूरी रह गई, कई परिवारों को मजदूरी के लिए बाहर जाना पड़ा। महिलाओं ने बताया कि अस्पताल तो दूर, प्रसव के लिए भी उन्हें कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है।
अब क्या चाहिए ,हर प्रभावित परिवार को स्थायी रोजगार,पुरानी अधिग्रहित भूमि का समुचित मुआवजा और भत्ता,गांव में स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और पक्की सड़क,पिछले 15 वर्षों की क्षति का सामाजिक और आर्थिक आकलन,सरकारी और प्रशासनिक लिखित गारंटी ।ग्रामीण अब कोई नया सपना नहीं देख रहे, वे हिसाब मांग रहे हैं। उनके लिए यह पावर प्लांट सिर्फ बिजली का प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि उनके जीवन के उजाले और अंधेरे का फैसला है। सवाल यही है क्या अदानी ग्रुप वेलस्पन की गलती दोहराएगा या वास्तव में ग्रामीणों को उनका हक मिलेगा?

# 12 घंटे में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, अनूपपुर**

अनूपपुर बिजुरी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ हुए अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 12 घंटे के भीतर बड़ी सफलता हासिल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आरोपी भगवानदास पाव ;46 वर्षद्धए निवासी गुलीडांडए को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

**क्या है पूरा मामला**

8 मई को नाबालिग लड़की घर से नाना के घर जाने की बात कहकर निकली थीए लेकिन रास्ते में आरोपी ने उसे बहला.फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाया और पचखुरा गांव के जंगल में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को कन्वाही गांव में छोड़ दिया। अगले दिनए 9 मई को परिजनों ने बिजुरी थाने में



रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**कानूनी कार्रवाई**

पीड़िता के बयान और जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध क्रमांक 138"25 के तहत धारा 137;2द्धए 64 बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की गई।

**टीम की मेहनत लाई रंग**

बिजुरी पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी को उसके निवास स्थान गुलीडांड से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ सभी आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद उसे माननीय न्यायालयए कोतमा में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

**इन अधिकारियों ने निभाई अहम भूमिका**

थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंहए उप निरीक्षक मानिम टोप्पोए सउनि प्रदीप अग्निहोत्रीए उदय प्रजापतिए रविकरण पयासीए आरक्षक प्रभाकरए करमजीत सिंहए आनंद कुमारए सुनील यादव और महिला आरक्षक संगम तोमर ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**पुलिस अधीक्षक ने टीम को सराहा**

महिला एवं बाल अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। एसपी मोती उर्र रहमान ने पुलिस टीम की तत्परता और संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस की प्राथमिकता त्वरित न्याय और सख्त कार्रवाई है।

### आपात चिकित्सा व्यवस्था के कलेक्टर ने दिए निर्देश

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन को निर्देशित किया है कि समस्त अस्पतालों में पर्याप्त मात्र में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां व उपकरण उपलब्ध रखे जायें। डॉक्टर मय स्टाफ उपस्थित रहें तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रखी जाये। इसके साथ-साथ जिले के खंड मुख्यालय स्तर पर आपात चिकित्सा केन्द्र की स्थापना कर समस्त आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध रखी जाये। जिले में उपलब्ध एम्बुलेंस के अतिरिक्त प्रायवेट चिकित्सालयों में संलग्न एम्बुलेंस की सूची तैयार रखें एवं आवश्यकता पड़ने पर सेवाएं लेने, प्रायवेट चिकित्सालयों में कार्यरत चिकित्सकों से भी समन्वय स्थापित कर आवश्यक होने पर सेवाएं लेने,ब्लैक आउट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी मुख्यालय स्तर के अस्पतालों में जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### पंचतत्व में विलीन हुईं बब्बी बाई गुप्ता, नम आंखों से परिजनों व लोगों ने दी अंतिम विदाई

**विजय मत, शहडोल**

मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर व नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मनोज गुप्ता,राजेश गुप्ता एवं हनुमान गुप्ता की माताजी श्रीमती बब्बी बाई गुप्ता का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने शनिवार शाम 10 मई को अंतिम सांस ली। संभागीय मुख्यालय के बुढार रोड स्थित शान्ति वन में आज रविवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र हनुमान प्रसाद गुप्ता ने मुखाग्नि दी।
श्रीमती बब्बी बाई गुप्ता पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थी,जिनका इलाज जबलपुर में चल रहा था। वे अपने पीछे तीन पुत्र हनुमान प्रसाद, राजेश गुप्ता, मनोज गुप्ता एवं तीन पुत्री किरण,ममता एवं सुषमा सहित पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गई।
श्रीमती बब्बी बाई एक धर्म पारायण महिला थी, वे धर्म कर्म के कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका का निर्वहन करती थीं। नगर पालिका परिषद शहडोल की पार्षद श्रीमती आरती गुप्ता, सुनीता गुप्ता,वर्षा गुप्ता की सासु मां एवं व्यवसायी योगेश




गुप्ता,पारस गुप्ता, प्रखर गुप्ता एवं अक्षत गुप्ता की दादी मां श्रीमती बब्बी बाई गुप्ता के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में शहडोल संभाग भर से राजनीतिक, व्यवसायिक प्रशासनिक के साथ सामाजिक संगठनो के लोगों ने बुढार रोड स्थित शान्ति वन में पहुंच कर उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।
श्रीमती बब्बी बाई गुप्ता के निधन की खबर सुनते ही मनोज टीवीएस परिवार के स्नेहियो शुभचिंतकों ने उनके निवास ग्रीनसिटी के पास पितृछाया पहुंच कर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए गुप्ता परिवार को इस दुःख को सहने का संबल देते हुए ईश्वर से इस बज्रघात को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# भारत ऋषियों व मनीषियों का देश रहा

**विजय मत, शहडोल**

सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डवनगर में 15 दिवसीय विद्या भारती के आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के नवम दिवस के संवाद सत्र में अखिलेश मिश्रा (संगठन मंत्री मध्यक्षेत्र) ने ''विकसित भारत का संकल्प'' विषय पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत ऋषियों व मनीषियों का देश रहा है भारतीय दर्शन में विकास को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के चिन्तन पर व्यक्त किया गया है। ब्रम्हचर्य, ग्रहस्थ, वानप्रस्थ, व संन्यास मानव जीवन के आश्रमों के साथ पंचकोषीय विकास के आधार पर भारतीय दर्शन शास्त्रियों में विकास की परिकल्पना की है जो दीर्घकालिक होती है। विष्व में विकास के कई दर्शन आये व देषों को विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया में प्रस्तुत किया गया लेकिन वे राष्ट्र अस्थिर हैं व वहां के नागरिक भोगवादी नीति के कारण परेषान हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का



एकात्मवाद का दर्षन जिसमें सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव से व्यक्ति, समाज व लोक कल्याण की कामना की गई है ''भारत के विकास में भारत का दर्षन हो'' यही विकसित भारत का संकल्प है।
जितेन्द्र सिंह परिहार मंत्री मध्यक्षेत्र ने विद्याभारती के लक्ष्य की व्याख्या करते हुए कहा कि सरस्वती षिषु मंदिर द्वारा ऐसे बालकों का निर्माण किया जाता है जिनमें राष्ट्रभक्ति हो और उनका शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक व अध्यात्मिक रूप से विकास हो। आज विष्व के बदलते परिदृश्य में सभी चुनौतियों का सामना दृढ़ता कर सके। वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से प्रेरित होकर विष्व कल्याण के लिये समर्पित हो। प्रशिक्षण वर्ग में अमित दवे (प्रांत संगठन मंत्री), सुधीर अग्रवाल (प्रादेषिक सचिव) शिवानन्द सिन्हा (प्रांत प्रमुख), रवि मिश्रा (वर्गकार्यवाह) व अन्य पूर्णकालिक कार्यकर्ता नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार महाकोशल प्रांत के 22 जिलों से आये आचार्य/दीदियों को शिक्षण कौशल में दक्ष कर रहे हैं व उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। वर्ग व्यवस्था मण्डल रामशिरोमणि शर्मा, रवि रजक, भारती गुप्ता, संतोष लोहानी, विष्णु मिश्रा सर्व व्यवस्था प्रमुख व अनिल द्विवेदी प्राचार्य शिक्षार्थियों को मौसम अनुकूल आवास, जल व उत्तम भोजन की व्यवस्था करा रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विद्यालयों से आये 94 पुरूष आचार्य, 69 महिला आचार्या, विद्या भारती के 25 कुशल प्रशिक्षकों द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत तकनीकी शिक्षा के साथ छात्रों के समग्र विकास के पाठों से शिक्षित व दीक्षित किये जा रहे हैं।

# करोड़ों की ठगी का पर्दाफाश

**विजय मत, अनूपपुर**

फिक्स डिपॉजिट और लोन दिलाने के नाम पर नामक फर्जी बैंकिंग कंपनी द्वारा करोड़ों रुपए की ठगी का पर्दाफाश अनूपपुर पुलिस ने किया है। पुलिस ने कंपनी के सीईओ योगेश श्रीवास और ब्रांच मैनेजर दीपक उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया है। ये गिरोह अनूपपुर सहित मध्यप्रदेश के पांच जिलोंकृडिंडोरी मंडला बालाघाट और इंदौर में फर्जी तरीके से ऑफिस खोलकर लोगों से पैसे ठग रहा था।अनूपपुर निवासी अभिजीत सिंह की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। अभिजीत ने एक लाख रुपये की फिक्स डिपॉजिट कराई थीए जिस पर 6 प्रतिशत मासिक ब्याज का लालच दिया गया था। तीन महीने



से कंपनी का ऑफिस बंद है और ब्याज मिलना भी बंद हो चुका है। जांच में सामने आया कि कंपनी ने अब तक 81 निवेशकों से कुल 1॰51 करोड़ रुपये की ठगी की है। पुलिस की टीम ने मंडला पहुंचकर कंपनी के सीईओ योगेश श्रीवास ;22 वर्षद्ध और मैनेजर दीपक उपाध्याय 28 वर्ष को गिरफ्तार किया। इनके पास से पांच लैपटॉप, दो प्रिंटर, फर्जी बैंकिंग फॉर्मए बैंक चेक, स्टेट बैंक ऑफ मारीशस के नकली दस्तावेज सहित अन्य सामान जब्त किया गया है।

**जागरूकता**

ट्रैफिक पुलिस चला रही है जागरूकता अभियान, दो युवकों को बनाया गया ट्रैफिक मित्र

# लगी ट्रैफिक चौपाल, ग्रामीणों को दिए गए यातायात नियमों के गुर

**विजय मत, अनूपपुर**

जिले की ट्रैफिक पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 मई को ग्राम परसवार में ट्रैफिक चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

### पुलिस अधीक्षक का नवाचार

पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर शुरू किए गए इस नवाचार के तहत ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों और दुर्घटना से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन यातायात प्रभारी ज्योति दुबे के नेतृत्व में किया गया।

### चौपाल में मिली अहम जानकारी

ग्राम परसवार की आंगनबाड़ी प्रांगण में आयोजित इस चौपाल में यातायात प्रभारी ने ग्रामीणों को सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने, वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट के प्रयोग, ब्रेकिंग डिस्टेंस, सही ओवरटेकिंग की विधि, ड्रिंक एंड ड्राइव और ओवर स्पीड के खतरों के बारे में विस्तार से




बताया। इसके अलावा गुड सेमरिटन योजना और हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी भी दी गई, जिससे दुर्घटना की स्थिति में पीड़ितों को समय पर सहायता मिल सके।

### गांव को मिले ट्रैफिक मित्र

कार्यक्रम में परसवार के दो युवकों–राकेश यादव और राकेश कोल–को ट्रैफिक मित्र के रूप में चयनित किया गया, जो ग्रामीण स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता फैलाने में पुलिस का सहयोग करेंगे। जल्द ही उन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा औपचारिक सदस्यता दिलाई जाएगी।

### गांव के लोगों में दिखा उत्साह

इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच संतोषी रोतेले और सचिव जितेंद्र प्रजापति सहित लगभग 60 ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने ट्रैफिक पुलिस की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई।

### नागरिक सुरक्षा का होगा पूर्वाभ्यास, मॉक ड्रिल के कलेक्टर ने दिए दिशा निर्देश

**विजय मत, अनूपपुर**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा नागरिक सुरक्षा, आकस्मिक सेवा का पूर्व अभ्यास किए जाने के संबंध में मॉक ड्रिल तथा आवश्यक तैयारी के निर्देश कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने नागरिकों की आपदा सुरक्षा एवं बचाव की तैयारी के आकलन, नागरिकों तथा औद्योगिक संस्थानों व आपातकालीन संस्थाओं को आपात स्थिति में सुनिश्चित प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण, सायरन के माध्यम से संदेश, ब्लैकआउट अभ्यास, आग लगने की स्थिति में बचाव कार्य, आकस्मिक रूप से भवन से लोगों की सुरक्षित निकासी, अस्पताल तथा चिकित्सा के प्रबंध, जोखिम क्षेत्र से नागरिकों को सुरक्षित स्थल पर पहुंचने की तैयारी, मैदानी क्षेत्र से विकासखंड तथा जिले व राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम को सूचना प्रेषित करने के प्रबंध, आवश्यक सेवाओं के पूर्वाभ्यास में सभी संबंधित विभागों, आम नागरिकों की सहभागिता संबंधी निर्देश कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने कहा की इस अभ्यास से किसी भी नागरिक को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अभ्यास में सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान करें तथा प्रशासन द्वारा सायरन के माध्यम से सूचना उपरांत उन्हें स्वयं एवं परिजनों को सुरक्षित स्थान पर रखने का अभ्यास करना है उन्होंने बताया कि सायरन का अभ्यास कराया जाएगा हमले की काल्पनिक संभावना को दृष्टिगत रखते हुए ऊंची नीची आवाज में सायरन बजाया जाएगा तथा काल्पनिक खतरे टालने के उपरांत 2 मिनट तक सायरन बजाकर सूचना दी जाएगी अफवाह ना फैलाएं एवं यातायात पुलिस, एंबुलेंस सुविधाओं को सुचारू रूप से चलते रहने में सहयोग करें।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर दीं बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में आज के ही दिन पोखरण-द्वितीय का सफल परीक्षण किया गया था। इस गौरवशाली अवसर पर देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों का स्मरण करते हुए उन विभूतियों को बारम्बार प्रणाम। उनके संकल्प व समर्पण से हमारा राष्ट्र, प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयामों में नित नए अध्याय जोड़ रहा है।

### सीमा पर तैनात जवानों के परिजनों से मिले मंत्री टेटवाल, जवानों के माता-पिता को नमन कर आभार माना

**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने सारंगपुर विधानसभा के ग्राम खासपुरा पहुंचकर राजस्थान के जैसलमेर में तैनात सेना के दो वीर जवानों धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी और विजेन्द्र सिंह सोलंकी के परिजन से मुलाकात की। मंत्री टेटवाल ने जवानों के परिजन का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया और उन्हें नमन करते हुए उनके बेटों की वीरता और समर्पण से देश सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि उनके सम्मान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने माता-पिता से कहा कि आपके दो बेटे सीमा पर देश की सेवा कर रहे हैं और तीसरा बेटा मैं हूं, जो प्रदेश में सेवा करते हुए हर सैनिक परिवार के लिए हमेशा उपस्थित हूँ। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय सेना ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि भारत शांति में विश्वास करता है, लेकिन किसी भी आक्रामकता का उत्तर देने में सक्षम है। हमारे जवानों ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम से यह साबित किया है कि वे न केवल सीमा की रक्षा करते हैं, बल्कि देश की अस्मिता और सम्मान की भी रक्षा करते हैं।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में मप्र चौथे स्थान पर, शूटिंग में ओवरऑल दूसरा स्थान, हॉकी में भी किया जबरदस्त प्रदर्शन

**भोपाल।** बिहार में 4 मई से शुरू हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन लगातार जारी है। शनिवार को प्रदेश को शॉट गन शूटिंग में एक और कांस्य पदक मिला, जिसके साथ मध्यप्रदेश की कुल पदकों की संख्या 20 हो गई है। वर्तमान में प्रदेश 9 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य पदकों के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है। खेल अकादमी की ओशिम श्रीवास ने स्कीट शूटिंग (महिला वर्ग) में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। अब तक शूटिंग में मध्यप्रदेश को 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 7 पदक मिल चुके हैं। इस प्रदर्शन के दम पर प्रदेश ने शूटिंग खेल में ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया है। महिला हॉकी में भी मध्यप्रदेश की बेटियों ने दमदार खेल दिखाया। शनिवार को खेले गए लीग मुकाबले में म.प्र. की महिला टीम ने हिमाचल प्रदेश को 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ टीम ने अपने पूल में टॉप पोजिशन हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि "हमारे खिलाड़ी देशभर में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। यह पूरे मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है।" बता दें कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 15 मई तक चलेगा।

### अरेरा कॉलोनी-न्यू मार्केट में कल बिजली कटौती, भोपाल के 30 इलाकों में असर

**भोपाल।** भोपाल के करीब 30 इलाकों में सोमवार को 1 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें अरेरा कॉलोनी, न्यू मार्केट, टीटी नगर, 74 बंगलो, समरधा जैसे कई पॉश इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में नागरिकों को परेशानी से बचने के लिए अपने जरूरी काम पहले ही निपटाने की सलाह दी जा रही है।

**इन इलाकों में पड़ेगा असर-** सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक 11 नंबर, ई-6, ई-7, अरेरा कॉलोनी एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक 74 बंगलो, न्यू मार्केट एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सांची कॉम्पलेक्स, 6 नंबर बस स्टॉप, नूतन कॉलेज, अंकुर स्कूल, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, मचना कॉलोनी, सरिता कॉम्पलेक्स एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 3.30 बजे तक पृथ्वी कॉर्ट यार्ड, लिबर्टी कॉलोनी, समरधा, चिनार कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र। सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक टीटी नगर, मॉडल स्कूल, सीटीओ एवं आसपास के इलाके। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक दीक्षा नगर, आशिमा रॉयल सिटी, लैंड मार्क, अमृत होम्स, गुलाबी नगर एवं आसपास।

# मध्य प्रदेश में आज आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट

## 14 मई से कमजोर होगा सिस्टम

विजय मत, भोपाल

मध्य प्रदेश में मई महीने में कई सिस्टम एक साथ एक्टिव होने से लगातार बारिश आंधी और ओले गिर रहे हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है। आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर और सागर संभाग के सभी जिलों में गरज-चमक, आंधी और बारिश का दौर रह सकता है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहने की संभावना है।



### 14 मई तक रहेगी हल्की बारिश गरज-चमक की स्थिति

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वर्तमान में कुछ सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम बदला है। 14 मई तक हल्की बारिश गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद गर्मी का असर बढ़ सकता है।

### कई जिलों में बारिश, तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा

शनिवार को कई जिलों में मौसम बदला रहा। ग्वालियर में शाम को रिमझिम बारिश हुई। जबकि मंडला में दोपहर 3 बजे के करीब तेज बारिश हुई। जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे। वहीं, इंदौर-उज्जैन समेत कई जिलों में भी ऐसा ही मौसम रहा। कुछ दिन की राहत के बाद दिन का तापमान फिर से 40 डिग्री पर आ गया। खजुराहो और दमोह सबसे गर्म रहे। बड़े शहरों में ग्वालियर में पारा 39.1 डिग्री पर पहुंच गया। भोपाल में 37.2 डिग्री, इंदौर में 35.5 डिग्री, उज्जैन में 36.5 डिग्री और जबलपुर में 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रीवा, सागर, सतना, उमरिया, सीधी, खंडवा और मंडला में तापमान 39 डिग्री के पार रहा। इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान सबसे कम 30.2 डिग्री दर्ज किया गया। रायसेन में यह 34 डिग्री रहा।

### मप्र में मानसून की एंट्री 15-16 जून तक

- इस बार 6 दिन पहले आने की उम्मीद, भोपाल-इंदौर में 150 प्रतिशत तक गिरेगा पानी

भोपाल में इस बार मानसून की एंट्री 15-16 जून तक हो सकती है। अनुमान के मुताबिक, यह पूर्वी हिस्से से एंटर होगा। यानी, मंडला, सिवनी, डिंडौरी, बालाघाट, अनूपपुर में सबसे ज्यादा बारिश होगी। एंट्री से अगले 5 दिन यानी, 20 जून तक मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। भोपाल और इंदौर में 150 प्रतिशत तक पानी गिरने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने इस बार देश में मानसून की एंट्री 4 दिन पहले यानी, 27 मई तक होने का अनुमान लगाया है। इस हिसाब से 15 से 18 दिन में यह एमपी में एंटर हो जाएगा। प्रदेश में मानसून के आमद की सामान्य तारीख 15 जून है। हालांकि, पिछले कुछ सालों से यह 18 जून के बाद ही प्रदेश में एंटर हो रहा है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, यदि देश में मानसून की आमद जल्दी होती है तो यह प्रदेश में भी समय पर आ सकता है। पिछले साल यानी 2024 में मानसून की 21 जून को एंट्री हुई थी। यह 6 दिन देरी से प्रदेश में पहुंचा था। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मध्यप्रदेश के पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी और अनूपपुर जिलों में प्रवेश किया था। इस बार भी इन्हीं जिलों से मानसून के आने की संभावना है। प्रदेश में इस बार मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद जताई है। अनुमान के मुताबिक, एमपी में 104 से 106 प्रतिशत यानी औसत 38-39 इंच बारिश हो सकती है। जबलपुर-शहडोल संभाग में सबसे ज्यादा पानी गिरेगा, जबकि ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन और भोपाल संभाग में भी कोटा फुल हो सकता है।

### मंत्री सारंग ने नगर निगम अधिकारियों को भोपाल के सभी नाले-नालियों की सफाई के दिये निर्देश

# मानसून के पहले भोपाल शहर के सभी नाले-नालियों का वृहद सफाई अभियान

विजय मत, भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को भोपाल शहर में नाले-नालियों की वृहद रुप से साफ-सफाई अभियान अंतर्गत नरेला विधानसभा के प्रभात चौराहे पर ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने बताया कि मानसून में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए वृहद रूप से सफाई अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत भोपाल शहर के सभी नाले-नालियों की सफाई सुनिश्चित होगी। साथ ही नालों में लोग कचरा न डालें इसके लिए जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भोपाल नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



### मंत्री सारंग ने जनजागरण और कचरा प्रबंधन पर दिया जोर

मंत्री सारंग ने कहा कि मशीनों के माध्यम से समुचित रूप से नालों की सफाई सुनिश्चित की जाएगी और इसके साथ यह भी ध्यान रखा जाएगा कि जिन क्षेत्रों में नाले आसपास स्थित हैं, वहाँ के निवासियों को हिदायत दी जाए कि वे नालों में कचरा न डालें। इस दिशा में जन जागरण अभियान भी चलाया जाएगा इससे नागरिकों को नालों की स्वच्छता बनाए रखने की महत्ता समझाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि पॉलीथीन जैसे अपशिष्ट पदार्थ नालों में जल प्रवाह को अवरुद्ध करते हैं। इससे जलभराव और ओवरफ्लो की स्थिति उत्पन्न होती है। इसके लिए नालों के समीप कचरा निस्तारण के लिए डंप स्टेशन भी बनाए जाएंगे, जिससे कि कचरा सीधे नालों में न जाए।

***मानसून के पहले भोपाल के सभी नाले-नालियां होंगे साफ...*** *मंत्री सारंग ने बताया कि इस बार मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि मानसून भोपाल में एक सप्ताह पहले प्रवेश करेगा। इसे देखते हुए भोपाल शहर के सभी नाले नालियों की सफाई वृहद के लिये अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष मानसून पूर्व नगर निगम सफाई अभियान चलता है। मंत्री सारंग ने निर्देश दिये कि इस कार्य की शुरुआत पहले से ही कर दी जाए। इससे समय पर सफाई कार्य पूर्ण हो सकेगा और भविष्य में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी।*

## विष्णुदत्त शर्मा एवं हितानंद ने स्व. नरेंद्र सलूजा की पुण्य स्मृति में प्रदेश कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया



विजय मत, भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता स्व. नरेंद्र सलूजा की पुण्य स्मृति में भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित वरिष्ठ नेता एवं पत्रकारगणों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा में स्व. नरेन्द्र सलूजा की धर्मपत्नी श्रीमती रिम्पी सलूजा, पुत्र मीत सलूजा एवं पुत्री सुआश्वी सलूजा सहित उनके परिजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

### स्व. नरेंद्र सलूजा ने पार्टी में प्रभावी भूमिका निभाई- विष्णुदत्त शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि स्व. नरेंद्र सलूजा ने बहुत जल्द भारतीय जनता पार्टी की संगठन पद्धति को आत्मसात कर पार्टी के लिए प्रभावी भूमिका निभाई। स्व. नरेंद्र सलूजा ने अपनी योग्यता से दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक दल भाजपा में बहुत कम समय में अपनी जगह बना ली थी। उन्होंने कर्मठता और ईमानदारी के साथ दायित्व का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार खोहोता है, लेकिन स्व. नरेंद्र सलूजा की जानकारी पूर्ण होती थी, इसलिए उनकी सूचना सदैव सटीक होती थी। विपक्ष को किस मुद्दे पर घेरना है वे भलीभांति जानते थे। मैं कह सकता हूं कि हमने एक ऐसे कार्यकर्ता को जल्दी खो दिया है जो हमेशा पार्टी की बात को आगे रखकर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करते थे।

### स्व. नरेंद्र का व्यक्तित्व प्रखर और निडर था: हितानंद

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि स्व. नरेंद्र सलूजा का व्यक्तित्व प्रखर और निडर था। वह सूचना के स्रोत थे। स्व. सलूजा ने पार्टी को हमेशा आगे और स्वयं को पीछे रखकर कार्य किया। उन्होंने कांग्रेस में रहते हुए कांग्रेस के लिए और भारतीय जनता पार्टी में आने के बाद हमारी पार्टी के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम कर जनता के बीच पार्टी की बात को रखने का काम किया। स्व. नरेंद्र सलूजा हमेशा कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी का कार्य करने के लिए सबसे आगे की पंक्ति में खडे रहते थे। स्वर्गीय नरेंद्र सलूजा का अचानक चला जाना हम सब के लिए पीड़ादायक और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है।

# अत्याधुनिक और आत्मनिर्भर गौ-अभयारण्य है बसामन मामा गौवंश वन्य विहार: शुक्ल

- बसामन मामा गौवंश वन्य विहार एवं हिनौती गौधाम के संचालन एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों की समीक्षा की

विजय मत, भोपाल



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा का बसामन मामा गौवंश वन्य विहार अत्याधुनिक गौ-अभयारण्य है। शीघ्र ही यहां 5 टन क्षमता का गैस उत्पादन संयंत्र आईओसीएल द्वारा स्थापित किया जायेगा। साथ ही पशु आहार निर्माण इकाई भी शुरू की जायेगी। बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के विश्राम गृह में रात्रि विश्राम के उपरांत प्रशासनिक भवन में उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार एवं हिनौती गौधाम में अधोसंरचना निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि दुधारू गौवंश की 25-25 यूनिट के चार समूह बनाकर दुग्ध उत्पादन प्रारंभ करें तथा चिन्हित चरनाई भूमि की फेंसिंग कराकर चारा उत्पादन करें। उन्होंने सामुदायिक भोजशाला के निर्माण में गोबर की ईंट का उपयोग करने के भी निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मंदिर में भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित करने तथा मंच के सामने समतलीकरण कार्य को शीघ्र करने के निर्देश निर्माण विभाग को दिये।

### अवलोकन



विजय मत, भोपाल। तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सृजन प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### दिग्विजय सिंह का सीएम डॉ. यादव को पत्र, लिखा-

# नरवाई जलाने पर जुर्माने के बजाय किसानों को जागरूक करें

विजय मत, भोपाल



मध्य प्रदेश में नरवाई जलाने के बढ़ते मामलों के बीच, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर किसानों के प्रति सहानुभूति और जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जुर्माना वसूलने के बजाय किसानों को इस मुद्दे के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कई किसान बिना जानबूझकर नरवाई जलाने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। सिंह ने यह भी सुझाव दिया कि गर्मी के मौसम में सूखी नरवाई में स्वतः आग लगने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, किसानों को इस विषय में जागरूक किया जाए।

विदिशा जिले में 722 किसानों पर कुल 26.46 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और 9 किसानों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। यह जुर्माना भूमि के आकार के आधार पर निर्धारित किया गया है। सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जुर्माने की बजाय किसानों में जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि वे इस मुद्दे को समझें और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचें।

**खास-खबर** ऑप्टिकल फाइबर से मिलेगा सीधा कंट्रोल

# भोपाल मंडल के निशातपुरा में पहली बार शुरू हुई नई सिग्नल प्रणाली

विजय मत, भोपाल




पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने रेल सिग्नल प्रणाली को और अधिक सुरक्षित और तेज बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की है। गौरतलब है कि भारतीय रेल में पहली बार, भोपाल मंडल के निशातपुरा यार्ड में ऐसी तकनीक शुरू की गई है, जिसमें सिग्नल ऑपरेशन अब तारों की बजाय ऑप्टिकल फाइबर के जरिए किया जाएगा।

अब तक जो सिग्नल प्रणाली चल रही थी, उसमें अलग-अलग तारों के जरिए सिग्नलों को कंट्रोल किया जाता था। पर इसमें समय लगता था, और कई बार खराबी की संभावना भी रहती थी। यह नवीनतम तकनीक ऑप्टिकल फाइबर केबल पर आधारित है, जो पारंपरिक संकेत प्रणाली की तुलना में अधिक तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय मानी जा रही है। नई तकनीक में ÷लैम्प आउटपुट मॉड्यूल÷ नाम का एक यंत्र लगाया गया है, जो सीधे कंट्रोल रूम से सिग्नल तक ऑप्टिकल फाइबर के ज़रिए सिग्नल भेजता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस तकनीक की शुरुआत स/सा-15 और स/सा-16 नाम के दो सिग्नलों पर निशातपुरा यार्ड में की गई है। भोपाल से बीना के मध्य रेलखंड पर इस तकनीक को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। योजना के अनुसार, जून 2026 तक पूरे रेलखंड में यह उन्नत प्रणाली सक्रिय कर दी जाएगी। यह तकनीक आगे चलकर देशभर की रेलवे लाइनों को और सुरक्षित और आधुनिक बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### इसका फायदा क्या है?

- सिग्नल कभी "ब्लैंक" नहीं होंगे, यानी अगर एक सिग्नल गड़बड़ करे तो भी ट्रेन को सिग्नल का आस्पेक्ट दिखाई देगा।
- ट्रेनें ज़्यादा सुरक्षित और समय पर चलेंगी।
- सिस्टम के साथ स्वचालित पंखा भी जुड़ा है जो ज़रूरत पड़ने पर खुद चालू होकर मशीन को गर्म होने से बचाता है।
- अगर एक लाइन खराब हो जाए तो दूसरी फाइबर लाइन से काम चलता रहेगा - यानी सिस्टम कभी नहीं रुकेगा।
- सिग्नल का रख-रखाव आसान और कम खर्चीला होगा।

# प्रोत्साहन राशि की घोषणा का परिणाम, 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित: राजपूत

### गत वर्ष हुआ था 48.38 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जन

विजय मत, भोपाल



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा के परिणामस्वरूप इस वर्ष लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हुआ है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हुआ था। मंत्री राजपूत ने किसानों के हित में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिये गये बोनस पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि गेहूँ के उपार्जन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। मंत्री राजपूत ने बताया है कि किसानों से उपार्जित गेहूँ में से 73 लाख 51 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ का सुरक्षित भण्डारण भी किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 17 हजार 870 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया गया है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की गयी।

## लारा बोले-विराट अभी संन्यास न लें



**जमैका।** वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लें। लारा के अनुसार विराट जैसे खिलाड़ी हर पीढ़ी में एक बार ही आते हैं। उनकी तकनीक, जुनून और समर्पण टेस्ट क्रिकेट को जीवंत बनाए रखता है। इसलिए मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने फैसले पर फिर से विचार करें क्योंकि विश्व क्रिकेट को अभी उनकी जरूरत है। लारा के अनुसार विराट के होने से युवा खिलाड़ियों को भी बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। वहीं विराट ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले खेल से संन्यास लेना चाहते हैं। बीसीसीआई भी हालांकि अभी नहीं चाहता है कि विराट संन्यास लें क्योंकि टीम को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है।

## धवन बोले-सीजफायर तोड़कर पाक ने अपना घटियापन दिखाया



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सीजफायर तोड़ने पर पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है। धवन ने इसी को लेकर सोशल मीडिया में लिखा, घटिया देश ने फिर अपना घटियापन पूरी दुनिया को दिखा दिया। इससे पहले भी धवन ने दोनो देशों के बीच तनाव पर लिखा था, हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर जवानों को सम्मान। भारत मजबूती से खड़ा है। जय हिंद। वहीं इससे पहले पूर्व क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग ने भी सोशल मीडिया में पाक पर तीखा प्रहार किया था। सहवाग ने लिखा था। "कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है।" शनिवार शाम दोनों देशों के बीच औपचारिक रूप से संघर्ष विराम समझौते की घोषणा की थी।

# 16 मई से फिर शुरू हो सकता है आईपीएल फाइनल 30 मई को मुमकिन

### भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण बीच में रोक दी थी लीग

**मुंबई, एजेंसी**

आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। मीडिया रिपोर्ट्स में बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी गई। अब बाकी 16 मैचों के लिए नया शेड्यूल जल्द जारी होगा।

पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच 9 मई को आईपीएल 2025 सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने लीग को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं है। आईपीएल 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 8 मई तक 58 मैच हो चुके थे। यानी अब 16 मुकाबले बाकी हैं। इनमें 12 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्ले ऑफ स्टेज के हैं।



मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुकाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पॉइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं। आईपीएल की 10 में से तीन टीमें प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें हैं। बाकी टीमें अभी प्ले ऑफ की रेस में बरकरार हैं।

जो 16 मुकाबले बाकी हैं वे पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक 9 अलग-अलग शहरों में होने थे। इनमें लखनऊ, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, जयपुर और कोलकाता शामिल हैं। अभी यह तय नहीं है कि ये मुकाबले इन तमाम शहरों में होंगे या इनमें कटौती होगी। नहीं। बीसीसीआई ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। इस समय दुनिया में कहीं कोई और बड़ी सीरीज नहीं हो रही है लिहाजा इसमें ज्यादा परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# शुभमन गिल बनाये जा सकते हैं भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान

### ऋषभ को मिल सकती है उपकप्तानी

**मुंबई, एजेंसी**


युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे से भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया जा सकता है जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उपकप्तानी मिल सकती है। वहीं तेज गेंदबाज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को नया कप्तान बनाये जाने की संभावनाएं इसलिए नहीं हैं क्योंकि वह बार बार फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहते हैं और भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीसी ऐसे व्यक्ति को कप्तान बनाना चाहता है जो लगातार खेल सके। इसके अलावा कप्तानी के लिए शुभमन इसलिए भी पहली पंसद माने जा रहे हैं क्योंकि वह युवा है और बीसीसीआई भविष्य को देखते हुए ही उन्हें ये जिम्मेदारी दे सकता है। वहीं ऋषभ विदेशी हालातों में भारतीय टीम के सबसे अच्छे टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं और इसलिए उपकप्तानी का उनका दावा मजबूत है। इसका कारण ये है कि बुमराह इतने अनुभवी हैं कि उन्हें उप-कप्तान की भूमिका देना ठीक नहीं रहेगा। ऋषभ



ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शतकों के साथ 42 से अधिक के औसत से इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने इन देशों में सात बार 90 से 99 रन बनाये हैं।

वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेने की इच्छा जतायी है हालांकि कोहली ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है इसलिए कहा जा रहा है कि उन्हें इंग्लैंड में आगामी 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में खेलने के लिए कहा जाएगा क्योंकि कठिन हालातों में उनके जैसे अनुभव खिलाड़ी का होना लाभ दायक रहेगा। ये भी कहा जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद बीसीसीआई ने इंग्लैंड सीरीज के लिए कोहली को कप्तान बनाने के बारे में सोचा था। जिससे शुभमन को कप्तानी की भूमिका में ढलने के लिए कुछ समय मिल जाता। बुमराह की फिटनेस समस्याओं के कारण शुभमन अगले कप्तान के तौर पर सभी की पहली पसंद हैं। वहीं केएल राहुल की अम्र 33 से अधिक हो गयी है, ऐसे में वह कप्तानी और उपकप्तानी की दौड़ में शामिल नहीं हैं। इसके अलावा उनका एक दशक के टेस्ट कैरियर के बाद भी औसत 35 से कम का रहा है। प्रभावशाली नहीं है। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा मई के तीसरे हफ्ते के अंत में की जाएगी!

### महिलाओं की विश्व एथलेटिक



चीन में महिलाओं की विश्व एथलेटिक रिले रेस में भाग लेती हुई प्रतियोगी।

# पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे खराब शॉट का चयनः सिद्धू

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने ऋषभ पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे उनका खराब शॉट चयन, मानसिक दबाव और टीम की कमजोर स्थिति को जिम्मेदार ठहराया है। आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल रहे ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन पर पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

इस सीजन में पंत अपनी बल्लेबाजी से कोई खास असर नहीं छोड़ पाए हैं। वह लगातार फ्लॉप हो रहे हैं और टीम भी उनकी कप्तानी में जूझती नजर आ रही है। अब तक खेले गए 11 मुकाबलों में लखनऊ सुपर जायंट्स सिर्फ 5 मैच जीत सकी है और प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म होती जा रही हैं। ऐसे में एक और हार से टीम की पूरी उम्मीदें समाप्त हो सकती हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि ऋषभ पंत बार-बार गलत शॉट चयन के चलते आउट हो रहे हैं। उन्होंने कहा, आप हर बार मुश्किलों से बाहर नहीं निकल सकते। पंत पर अपनी छवि को बनाए रखने का दबाव है जो उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है।

## बिजनेस

### मूंगफली और सोयाबीन का हाजिर दाम अब भी न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी कम

# मंडियों में आवक घटने और मांग बढ़ने से तेल-तिलहन कीमतों में तेजी रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीते सप्ताह मंडियों में कम आवक और मांग बढ़ने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में सभी तेल-तिलहन के भाव तेजी के साथ बंद हुए। इसके बावजूद मूंगफली और सोयाबीन का हाजिर दाम अब भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी कम है। बाजार सूत्रों ने कहा कि वर्तमान में जो सुधार देखा गया वह पिछले सप्ताह की कीमत के मुकाबले जरूर आया है पर इसे सुधार कहना अनुचित होगा। जैसे नवंबर, 2024 में जिस सीपीओ का दाम 1,310 डॉलर प्रति टन था वह घटकर 1,025-1,030 डॉलर टन रह गया है। अब अगर सीपीओ का मौजूदा दाम बढ़कर 1,035-1,040 डॉलर हो जाये तो इसे 'तेल कीमतों में भारी तेजी' बताना सही नहीं होगा। संभवतः इसी तरह की समीक्षाओं की वजह से भी देश के तेल-तिलहन उत्पादन को आघात पहुंचा है और देश खाद्य तेलों के मामले में आयात पर निर्भर होता चला गया है। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में दाम टूटने के बीच कच्चे पाम तेल (सीपीओ) की मांग बढ़ने लगी है। मलेशिया में सीपीओ का उत्पादन बढ़ने का समय है और उम्मीद है कि इसका दाम सोयाबीन तेल से और घटेगा और उसके बाद इसकी मांग में अभी के मुकाबले और सुधार होगा।



बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 185 रुपये के सुधार के साथ 6,460-6,560 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। जबकि, सरसों दादरी तेल का थोक भाव 675 रुपये के सुधार के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,435-2,535 रुपये और 2,435-2,560 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 125-125 रुपये सुधार के साथ क्रमशः 4,600-4,650 रुपये और 4,300-4,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार, सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 500 रुपये, 350 रुपये और 400 रुपये बढ़कर क्रमशः 13,550 रुपये, 13,300 रुपये और 9,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली तिलहन का दाम 125 रुपये की मजबूती के साथ 5,750-6,125 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 200 और 30 रुपये की मजबूती के साथ क्रमशः 14,100 रुपये क्विंटल और 2,250-2,550 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। सूत्रों ने कहा कि छिटपुट मांग बढ़ने से सीपीओ 200 रुपये की मजबूती के साथ 11,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 13,350 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 350 रुपये की मजबूती के साथ 12,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## एसआईपी से हो रहा है लोगों का मोहभंग




**नई दिल्ली।** भारत में म्यूचुअल फंड में पैसा निवेश करने वालों में एक नई तेजी देखने को मिल रही थी, लेकिन हाल ही में इसमें एक मंदी के संकेत मिल रहे हैं। विशेषज्ञों ने इसे एक सामान्य प्रक्रिया के परिणाम के रूप में बताया है। अप्रैल में सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान्स (एसआईपी) स्टॉपेज अनुपात ने अप्रैल 2024 में एक रिकॉर्ड 52 फीसदी तक पहुंचने का इशारा दिया। इसके बावजूद, मई महीने में अनुपात की कमी की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में म्यूचुअल फंड निवेशकों ने लगभग 26,632 करोड़ का निवेश किया, जो पिछले कुछ महीनों से ऊंचाई स्तर पर था। व्यापारिक लोग मानते हैं कि स्वाभाविक प्रक्रियाएं ही इस गतिविधि में संघर्ष पैदा कर सकती हैं। इस तरह के संकेत से सुझाव मिल रहा है कि प्रवाह अभी तक स्थिर के नीचे है लेकिन यहाँ तक कि यह अव्यावहारिक नहीं है। म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच स्टॉपेज अनुपात में वृद्धि का मुख्य कारण एएमएफआई द्वारा शुरू की गई पुनर्मिलन प्रक्रिया है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं




**नई दिल्ली।** भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों ने रविवार को सुबह 6 बजे ईंधन के नए दाम जारी कर दिए हैं। जारी रेट के अनुसार रविवार को भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि कच्चे तेल की बात करें तो अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 65-78 डॉलर प्रति बैरल, जो कि पिछले दिनों के मुकाबले कम है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपए लीटर, डीजल 87.67 रुपए लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.50 रुपए लीटर, डीजल 90.03 रुपए टर, कोलकाता में पेट्रोल 105.01 रुपए लीटर, डीजल 91.82 रुपए लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.80 रुपए लीटर, डीजल 92.39 रुपए लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.87 रुपए लीटर, डीजल 88.14 रुपए लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.92 रुपए लीटर, डीजल 88.99 रुपए लीटर व अन्य शहरों में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं देखा गया है।

## चालू वित्त वर्ष में भी दोपहिया वाहनों की बिक्री में रहेगी तेजी: टीवीएस मोटर




- वित्त वर्ष 2024-25 में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण बढ़कर 1,88,77,812 इकाई हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टीवीएस मोटर कंपनी के सीईओ ने कहा है कि आयकर में छूट, बुनियादी ढांचे पर खर्च में वृद्धि और सामान्य मानसून की उम्मीदों से घरेलू दोपहिया वाहन उद्योग में चालू वित्त वर्ष में भी वृद्धि की रफ्तार कायम रहने की उम्मीद है। कुल मिलाकर वित्त वर्ष 2024-25 में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण आठ प्रतिशत बढ़कर 1,88,77,812 इकाई हो गया, जबकि 2023-24 में यह 1,75,27,115 इकाई था। कंपनी अधिकारी ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि हमें उम्मीद है कि घरेलू बाजार में कुल मिलाकर वृद्धि की गति पिछले साल की तरह ही रहेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष की पहली तिमाही बिक्री के मामले में मध्यम हो सकती है, लेकिन मई और जून में बिक्री मजबूत रहने की उम्मीद है, क्योंकि दोनों माह के दौरान कई शादी-विवाह के दिन हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगभग 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यह मुख्य रूप से खपत में वृद्धि और कृषि क्षेत्र में सुधार से प्रेरित है। पिछले तीन महीनों में नीतिगत दर रेपो में 0.50 प्रतिशत की कमी से उपभोक्ताओं के लिए मासिक किस्त (ईएमआई) कम हुई है। इससे व्यापक आधार पर दोपहिया खरीदना आसाना होगा। बीते वित्त वर्ष 2024-25 में टीवीएस मोटर कंपनी की कुल दोपहिया और तिपहिया वाहन बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 47.44 लाख इकाई रही, जबकि 2023-24 में यह 41.91 लाख इकाई थी।

## मोटो जी86 5जी लॉन्च करने की तैयारी, मिलेंगे दमदार फीचर्स

**नई दिल्ली।** मोटोरोला कंपनी जल्द ही मोटो जी86 5जी लॉन्च कर सकती है। हाल ही में सामने आई एक लीक में इस अपकमिंग डिवाइस के लगभग सभी फीचर्स उजागर हो चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोटो जी86 5जी में 6.67 इंच का फुल एचडी प्लस कर्व्ड पीओएलईडी डिस्प्ले मिलेगा, जो 10-बिट कलर सपोर्ट और 120एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा। यह फोन पिछले साल लॉन्च हुए मोटो जी85 का अपग्रेड वर्जन होगा। इसकी ब्राइटनेस 4500 निट्स तक हो सकती है और स्क्रीन को गोरिल्ला ग्लास 7 आई का प्रोटेक्शन मिल सकता है। प्रोसेसर की बात करें तो इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 चिपसेट मिलने की संभावना है। फोन में 12जीबी तक रैम और 256जीबी तक इंटरनल स्टोरेज का विकल्प मिलेगा। कैमरा सेगमेंट में यह स्मार्टफोन भी दमदार साबित हो सकता है। पीछे की तरफ इसमें ओआईएस सपोर्ट वाला 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड लेंस मिलेगा। फोन को एमआईएल एसटीडी 810एच सर्टिफिकेशन और आईपी68 रेटिंग के साथ पेश किया जा सकता है।

# इस सप्ताह महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

- थोक महंगाई जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े भी इस सप्ताह अहम भूमिका निभाएंगे

**मुंबई, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान तनाव से सहमे निवेशकों की बिकवाली के दबाव की वजह से बीते सप्ताह लगभग डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की इस सप्ताह अप्रैल के जारी होने वाली थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े पर नजर रहेगी। बाजार विश्लेषकों के अनुसार भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों की धारणा पर इसका सीमित प्रभाव देखने को मिला है। इस वर्ष अप्रैल में निरंतर विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) और रिकॉर्ड वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत दिया, जिससे बाजारों में स्थिरता बनी रही। कमजोर अमेरिकी डॉलर और स्थिर कच्चे तेल की कीमतों ने विदेशी निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया है। भारत-ब्रिटेन के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की




सकारात्मक चर्चा ने विशेष रूप से कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी को समर्थन दिया। वैश्विक स्तर पर भी संकेत उत्साहवर्धक रहे हैं। अमेरिका की फेडरल रिजर्व ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की नीतिगत बैठक के सतर्क रुख के बावजूद अमेरिका और चीन व्यापार वार्ता की संभावित बहाली तथा अमेरिका और ब्रिटैन व्यापार समझौते को लेकर आशावाद ने वैश्विक बाजारों को सहारा दिया। इसके साथ ही पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना द्वारा ब्याज दरों में कटौती के फैसले ने क्षेत्रीय बाजारों में सकारात्मक रुख को बढ़ावा दिया, जिससे निवेशकों का विश्वास और मजबूत हुआ। बाजार की इस सप्ताह दिशा निर्धारित करने में घरेलू स्तर पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े अहम भूमिका निभाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि मुद्रास्फीति के दबाव में कुछ नरमी देखने को मिल सकती है। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच जारी भू-राजनीतिक तनाव एक महत्वपूर्ण जोखिम बना हुआ है। बावजूद इसके बाजार को उम्मीद है कि भारत की कूटनीतिक, आर्थिक और सैन्य शक्ति इस संकट को जल्द सुलझा लेगी।

## यूज इन शॉर्ट



### जल को बचाएं जीवन को बचाएं, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए नवीन खेत तालाब के कार्य

शहडोल। जल को बचाएं जीवन को बचाएं, जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम कुम्हारी, कदमहा, गिरवा, मझौली ग्राम पंचायत में नवीन खेत तालाब के कार्य किए गए।

### आओ बचाएं जल, करे सुरक्षित कल, कतिरा में लोगों ने उत्साहपूर्वक बोरी बंधान कार्य में किया श्रमदान



शहडोल। आओ बचाएं जल, करे सुरक्षित कल पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी, जनप्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्वार, नदी नालों की सफाई, बोरी बंधान तालाबों का गहरीकरण जैसे अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे है। शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर ग्राम कतिरा में पानी की एक-एक बूंद सहजेने के लिए, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी सहित अन्य लोगों द्वारा बोरी बंधान एवं नदी नाला सफाई कार्य में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए श्रमदान किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया। श्रमदान कार्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक मरावी सहित अन्य लोगों ने सहभागिता निभाई।

### पेट्रोल, डीजल तथा घरेलू गैस की उपलब्धता पर सतत निगरानी रखी जाएगी

शहडोल। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ केदार सिंह ने जिला आपूर्ति नियंत्रक शहडोल को पत्र जारी किया है कि वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत आपात परिस्थिति में जिले में पर्याप्त खाद्य सामग्री की सतत आपूर्ति सामान्य जनमानस तक सुलभ रहे। जिले में पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस इत्यादि की पर्याप्त उपलब्धता की जाए। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाय कि लोग खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का अनावश्यक भण्डारण नहीं करें तथा जमाखोरों पर सतत निगरानी रखी जाये।

### अस्पतालों, स्कूल, छात्रावासों में जनरेटर रखने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने समस्त कार्यालय प्रमुख जिला शहडोल को पत्र जारी किया है कि अतिमहत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों जैसे अस्पतालों, स्कूल, कॉलेजों, शासकीय छात्रावासों एवं अन्य स्थान जहां अस्थाई रूप से रहने की व्यवस्था की जा सकती है, वहां जनरेटरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, साथ ही ऐसे कार्यालय, संस्थाएं जहां पूर्व से ही जनरेटर उपलब्ध हैं उनकी यथा शीघ्र गरम्मत कराया जाना सुनिश्चित करें।

### आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना से डेयरी व्यवसाय का सुनहरा अवसर


शहडोल। पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। इस योजना में 75 प्रतिशत राशि बैंक ऋण के माध्यम से दी जाती है। शेष 25 प्रतिशत राशि हितग्राही को अंशदान के रूप में देनी होती है। योजना में 7 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति अनुदान का भी लाभ दिया जाता है। योजना के लिए पशुपालक के पास कम से कम 5 पशु और एक एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। पशुओं की संख्या में वृद्धि होने पर उसी के अनुपात में कृषि भूमि का निर्धारण किया जाता है। योजना की एक इकाई में 5 भैंस होने पर 4 लाख 25 हजार रुपए तथा 5 शंकर नस्ल की गाय होने पर 3 लाख 82 हजार रुपए एवं देशी गाय होने पर 2 लाख 43 हजार 750 रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। 10 दुधारू पशुओं के होने पर 10 भैंसों में 8 लाख 40 हजार, शंकर गाय के लिए 7 लाख 51 हजार रुपए तथा 10 देशी गाय के लिए 4 लाख 75 हजार रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। इस योजना में सामान्य वर्ग के पशुपालक को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपए मार्जिन मनी सहायता के रूप में दिया जाता है।

विशेषज्ञों की भारी कमी, गांवों में डॉक्टर नदारद, करोड़ों की मशीनें धूल फांक रहीं

# स्वास्थ्य व्यवस्था की सांसें उखड़ीं: 11 लाख की आबादी पर सिर्फ 76 डॉक्टर, 238 अस्पतालों में इलाज के लाले

**विजय मत, शहडोल**

जिले की स्वास्थ्य सेवाएं आज के समय में अपनी सबसे नाजुक स्थिति में हैं। जहां सरकार हर गांव तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के दावे कर रही है, वहीं ज़मीनी हकीकत इससे उलट है। जिले की 11 लाख से अधिक आबादी के लिए 238 सरकारी अस्पताल हैं, लेकिन इलाज के लिए महज 76 डॉक्टर ही उपलब्ध हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी, उपकरणों के अभाव और अव्यवस्थित प्रबंधन ने पूरे स्वास्थ्य तंत्र को जर्जर बना दिया है।




### चिकित्सकों की भारी कमी, 90 पद खाली

जिले में कुल 166 चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्षों से रिक्त पदों की भरपाई नहीं हो पाई है। वर्तमान में केवल 76 डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं, जिससे 90 पद खाली हैं। ग्रामीण इलाकों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की हालत सबसे खराब है, जहां 80 प्रतिशत केंद्र बिना डॉक्टर के ही चलाए जा रहे हैं। गांवों के लोग छोटी-छोटी बीमारियों के लिए भी जिला अस्पताल या बड़े शहरों का रुख करने को मजबूर हैं।

### विशेषज्ञ डॉक्टर नदारद, गंभीर मरीज बेहाल

जिले के जिला अस्पताल और सिविल अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बेहद गंभीर है। हृदय रोग, मस्तिष्क रोग, नेत्र, हड्डी, स्त्री रोग, शिशु रोग आदि के कुल 38 विशेषज्ञ पद खाली हैं। हृदयाघात, ब्रेन स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारियों के मरीजों को जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर या नागपुर रेफर करना आम बात हो गई है। समय पर इलाज न मिल पाने से कई मरीजों की जान चली जाती है।

### मशीनें हैं, लेकिन चलाने वाला कोई नहीं

सरकार ने मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में करोड़ों की लागत से अत्याधुनिक चिकित्सा मशीनें खरीदी हैं। लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर और प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ न होने के कारण ये मशीनें निष्क्रिय पड़ी हैं। इन उपकरणों का लाभ आमजन को नहीं मिल पा रहा है, जिससे संसाधनों की बर्बादी हो रही है।

### प्राइवेट अस्पताल भी नाकाम, रेफर करना ही समाधान

सरकारी अस्पतालों की लचर व्यवस्था के बीच आमजन को निजी अस्पतालों का सहारा भी नहीं मिल पा रहा है। निजी अस्पताल भी गंभीर रोगों के मरीजों को कुछ दिन उपचार देने के बाद बाहर के बड़े शहरों में रेफर कर देते हैं। गरीब वर्ग इस दोहरी मार से त्रस्त है, न सरकारी राहत, न निजी विकल्प।

### नेतृत्व से उम्मीदें, लेकिन बदलाव नदारद

प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला के पास स्वास्थ्य मंत्रालय और उपमुख्यमंत्री पद होने के बावजूद शहडोल की स्वास्थ्य व्यवस्था में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिख रहा है। जब मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई थी, तब जिलेवासियों को उम्मीद थी कि यहां चिकित्सा सुविधाओं में क्रांतिकारी सुधार होगा, लेकिन आज भी हालात जस के तस बने हुए हैं।

### बढ़ती जनसंख्या, घटती सुविधाएं

827 गांवों और 11 लाख से अधिक लोगों के इस जिले में 238 सरकारी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र तो हैं, लेकिन पर्याप्त स्टाफ न होने से ये सिर्फ नाम के रह गए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता से मरीजों को इलाज के लिए सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है।

### आने वाले समय में यह संकट और गहराएगा

यदि जल्द ही रिक्त पदों पर भर्ती नहीं की गई और विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं हुई, तो आने वाले समय में यह संकट और गहराएगा। प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त बनाना, उपकरणों का सदुपयोग सुनिश्चित करना और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाएं बहाल करना अत्यंत आवश्यक है।

# जल संरक्षण अभियान बना औपचारिकता

**कुआं-बावड़ी और तालाबों की अनदेखी जारी, जन सहभागिता और ठोस कार्ययोजना की है आवश्यकता**

**विजय मत, शहडोल**

जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाया जा रहा ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ ज़मीनी हकीकत से कोसों दूर है। जहां एक ओर प्रशासन अभियान के नाम पर औपचारिकताएं निभा रहा है, वहीं दूसरी ओर वर्षों पुराने जलस्रोत कुआं, बावड़ी और तालाब उपेक्षा का शिकार होकर गंदगी से पटे पड़े हैं।



### पुलिस लाइन के कुएं भूले इतिहास बनते जा रहे

शहर की पुलिस लाइन में स्थित दो पुराने कुएं, जो कभी पूरी कॉलोनी की प्यास बुझाते थे, अब लोहे की जाली से ढक दिए गए हैं। इनकी न तो सफाई की जा रही है, न ही किसी प्रकार का नवीनीकरण किया गया है। जल संकट की स्थिति में भी ये उपयोग से बाहर हैं, जबकि साफ-सफाई के बाद इन्हें निस्तारी पानी के लिए उपयोग में लाया जा सकता है।

### मंदिर के पीछे कुआं बना गंदगी का ढेर

शहर की सब्जी मंडी के पास मंदिर के पीछे स्थित एक अन्य कुआं गंदगी से भर गया है। पिछले वर्ष नगरपालिका ने इसे कपड़े से ढक दिया था, जिससे एक गाय दुर्घटनावश उसमें गिर गई थी। बावजूद इसके, न तो सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए और न ही कुएं की सफाई पर ध्यान दिया गया।

### तालाबों में नहीं हो रहा जल भराव

शहर के कई तालाबों की स्थिति भी चिंताजनक है। घरौला मोहल्ला में बनाए गए तालाब घाटों में एक बूंद पानी नहीं है। जल भराव के रास्ते बंद हो चुके हैं, जिससे आईजी ऑफिस के सामने मत्स्य विभाग के तालाब में भी पानी बेहद कम हो गया है। यह दर्शाता है कि जलभराव की व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई गई है।

### कोरम पूर्ति के लिए बोरी बंधान

अभियान के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं। नदी-नालों में बोरी बांध कर केवल कार्य की संख्या बढ़ाई जा रही है, जबकि इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकल रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन जल संरक्षण के मूल उद्देश्य से भटक गया है।

### जन सहभागिता और निगरानी की ज़रूरत

शहडोल जैसे जिले में जहां पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है, वहां जल स्रोतों की सफाई, पुनर्जीवन और उचित देखरेख अत्यंत आवश्यक है। ज़रूरत है कि प्रशासन औपचारिकता से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाए और आमजन को भी अभियान से जोड़े। तभी जल गंगा संवर्धन अभियान वास्तविक अर्थों में सफल हो सकेगा।

# ड्यूटी पर तैनात एएसआई से बीच सड़क हुई गाली गलौज, मारपीट

**विजय मत, शहडोल**

पुलिस पर हमला गाली गलौज कर मारपीट करने जैसी घटना अब जिले में आम होती जा रही है। कोतवाली में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक के साथ आरोपी युवक ने बीच शहर में गाली गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर मारपीट की, और जान से मार देने की धमकी के साथ पुलिस कर्मी का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया, और घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, तीन दिन बीत गए लेकिन पुलिस आरोपी को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

पीड़ित पुलिसकर्मी ने बताया कि वह गुरूवार सुबह प्रभात गस्त में शहर का भ्रमण कर रहे थे। तभी कोतवाली थाना क्षेत्र के गुरुनानक चौक जब एएसआई सुरेश कुमार अहिरवार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक कार जो सड़क पर खड़ी होकर वाहनों को रोक रही है।इसके बाद पुलिसकर्मी ने तत्काल कार चालक के पास पहुंच उसे ऐसा करने से रोका, तो आरोपी युवक ने ड्यूटी कर रहे सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार अहिरवार के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा और जान से मार देने की धमकी के साथ-साथ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की, और पुलिसकर्मी का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। गाली गलौज सुनकर आसपास खड़े लोग मौके पर दौड़ पड़े जिसे देख आरोपी मौके से भाग गया।

पीड़ित पुलिसकर्मी ने घटना के बाद थाने पहुंच मामले की शिकायत दर्ज करवाई, पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा एवम गाली गलौज कर मारपीट एवं अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं घटना को तीन दिन बीत गए लेकिन पुलिस आरोपी को पकड़ने में नाकाम है ।

### मिट्टी के पोषक तत्व और गुण बताता है मृदा स्वास्थ्य कार्ड

शहडोल। भारत सरकार द्वारा स्वाइल हेल्थ कार्ड यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत किसान सिंचित क्षेत्र में 2.5 एकड़ तथा अंसिचित क्षेत्र में 10 एकड़ क्षेत्र से मिट्टी का नमूना लेकर उसकी जाँच कराते हैं। यह जाँच कृषि विभाग द्वारा की जाती है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी के नमूने लिए जाने पर इसकी जाँच पूरी तरह से निःशुल्क रहती है। यदि किसान स्वयं सेंपल लेकर जाता है तो मिट्टी के नमूने की जाँच के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति के किसान को तीन रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसान को पाँच रुपए प्रति नमूना शुल्क देना होता है। मिट्टी में माइक्रो न्यूट्रेंट की जाँच कराने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 30 रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 रुपए शुल्क देना होता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान को उसके खेती की मिट्टी के गुणों तथा पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है।

# घर के सामने से गुजरते थे रेत के ट्रैक्टर, विरोध पर दबंगों ने युवक को पीटा

**विजय मत, शहडोल**

जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ दबंगों ने बुरी तरह मारपीट की। मारपीट करने के बाद युवक का अपहरण कर आरोपी उसे अपने साथ ले गए और कार में दोबारा मारपीट की। इस दौरान गांव के एक व्यक्ति ने कार को देखकर सड़क पर अपने वाहन को रोका और दबंगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया, इसके बाद पीड़ित युवक को उसके घर पहुंचाया गया। युवक को गंभीर चोटें आई हैं। दबंगों ने पीड़ित से कहा कि थाना प्रभारी हमारा रिश्तेदार है, तू कुछ भी कर ले, हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा। युवक ने बताया कि विवाद केवल इतना था कि अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर उसके घर के सामने से गुजर रहे थे। इसका उसने विरोध किया था। जिससे दबंग नाराज हो गए और अकेला पाकर युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी।



पीड़ित युवक तैयब खान पिता नासिर (26) ने बताया कि वह गोहपारू थाना क्षेत्र के बरहा गांव का रहने वाला है। राजेश सिंह, देवेंद्र ठाकुर, सूर्या सिंह गांव के दबंग लोग हैं। पीड़ित युवक का आरोप है कि ये सभी मिलकर पास के नदी-नालों से रेत का अवैध उत्खनन कर दिन-रात गांव में इसका परिवहन करते हैं। पीड़ित युवक ने बताया कि रेत से भरे ट्रैक्टर दिनभर उसके घर के सामने से गुजरते हैं, जो आरोपियों के हैं। उसने ट्रैक्टर चालकों से कहा था कि वे घर के सामने से रेत से भरे ट्रैक्टरों को तेजी से न ले जाया करें, क्योंकि घर के बाहर बच्चे खेलते हैं। इसी बात को लेकर ट्रैक्टर मालिक और गांव के दबंग राजेश सिंह, देवेंद्र, सूर्या और अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की।

यह घटना बीती रात घटी। युवक ने बताया कि वह मोटरसाइकिल से बाजार से वापस गांव लौट रहा था, तभी गांव के जंगल में आरोपी अपने कई साथियों के साथ पहले से ही मौजूद थे। तैयब को आता देख उन्होंने उसे जंगल में रोक लिया और बेरहमी से मारपीट की। इतने पर भी जब आरोपियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो वे युवक को कार में बैठाकर शहडोल-रीवा हाईवे पर स्थित एक ढाबे के सामने ले गए और वहां भी कार में उसकी पिटाई की। तभी मोटरसाइकिल से गुजर रहे गांव के एक शख्स ने कार को पहचान लिया और रुककर देखा तो उसमें मारपीट हो रही थी। उस व्यक्ति ने हस्तक्षेप कर समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

पीड़ित युवक ने बताया कि उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसके चेहरे, हाथ और पैरों पर चोट के निशान हैं। दबंगों ने गांव के जंगल में ही उसकी मोटरसाइकिल को नदी में फेंक दिया। युवक का आरोप है कि दबंगों ने मारपीट के दौरान कहा था कि गोहपारू थाना प्रभारी हमारा रिश्तेदार है, तुझे जो करना है कर ले, हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा। पुलिस का कहना है कि युवक थाने पहुंचा है, मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी सामने आएगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**समस्या**

**न सुरक्षा के उपाय, न चेतावनी संकेत—बायपास पर अंधे मोड़ ने ली कई जिंदगियां, जिम्मेदार बने मौन**

# डेथ प्वाइंट बना राजाबाग, अधूरा निर्माण ले चुका छह से अधिक जान

**विजयमत,शहडोल**

जिले से होकर गुजरने वाला एनएच-43 का बायपास आम जनता के लिए खतरनाक बन गया है। खासतौर पर राजाबाग के पास बना व्हीकल अंडर पास (वीयूपी) पिछले कुछ वर्षों में कई दर्दनाक हादसों का गवाह बना है। अधूरा निर्माण और अंधा मोड़ होने के कारण अब तक इस जगह पर छह से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

### न सिग्नल, न संकेतक, खतरे का कोई पूर्वाभास नहीं

वीयूपी के चारों ओर न तो कोई चेतावनी बोर्ड है, न ही सिग्नल लाइट या रिफ्लेक्टर। अंधे मोड़ पर तेज रफ्तार में आते वाहन अचानक सामने आती ढलान या ब्रिज के किनारों से टकरा जाते हैं। रात में दृश्यता कम होने के कारण खतरा और भी बढ़ जाता है।



### स्थानीय लोग कर चुके हैं कई बार शिकायत

स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार निर्माण एजेंसी और जिला प्रशासन से शिकायत की, लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया। निर्माण कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा है और यह साफ नहीं है कि इसे कब पूरा किया जाएगा। लोगों का आरोप है कि जानलेवा लापरवाही पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

### बरसात में फिसलन और कीचड़ बढ़ाता है खतरा

बरसात के मौसम में यह अंडरपास और भी घातक हो जाता है। ब्रिज के नीचे मलबा और गड्ढों में भरता पानी फिसलन पैदा करता है। कई दुपहिया वाहन चालक इन परिस्थितियों में अपना नियंत्रण खो बैठते हैं, जिससे दुर्घटनाएं और गंभीर हो जाती हैं।

### सरकारी नियमों की उड़ रही धज्जियां

राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण हेतु केंद्र सरकार ने जो दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं, जैसे पर्याप्त संकेतक, उचित ढलान और सुरक्षा व्यवस्था—उनका पालन यहां नहीं हो रहा है। यह सीधा-सीधा मानकों की अनदेखी है, जो लोगों की जान पर भारी पड़ रही है।

### प्रशासन की चुप्पी, एजेंसी की बेरुखी

प्रशासन और निर्माण एजेंसी दोनों की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई या बयान सामने नहीं आया है। यह दर्शाता है कि जान की कीमत और ज़िम्मेदारी का एहसास जिम्मेदारों को नहीं है। आमजन अब आंदोलन की तैयारी में है और उन्होंने चेताया है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो वे सड़क पर उतरेंगे।

### और देरी जानलेवा

राजाबाग वीयूपी की स्थिति एक खुली चेतावनी है कि लापरवाही कितनी जानलेवा हो सकती है। यदि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया और सुरक्षा उपाय लागू नहीं किए गए, तो यह ÷डेथ प्वाइंट÷ आगे और जिंदगियां लील सकता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा पीजी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि., प्लॉट नं. 18, इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर म.प्र. से मुद्रित एवं विजय मत भवन, गायत्री मंदिर रोड, वार्ड नं. 13, शहडोल, म.प्र. से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
(*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र शहडोल होगा। आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2018/76119, e-mail: vijaymat.sdl@gmail.com